रोहतक
बुधवार, 1 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 94
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 36.4
न्यून. 17.2




## सैमसन व चहल टीम में शामिल, गिल और रिंकू रिजर्व प्लेयर

**नई दिल्ली(भाषा)।** अमेरिका और वेस्टइंडीज में 2 जून से शुरू हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप के लिए मंगलवार को भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। बीसीसीआई ने मंगलवार को टूर्नामेंट के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी में 15 मेंबर्स वाला स्कॉड जारी किया है। इसमें 25 मई तक बदलाव किया जा सकता है। संजू सैमसन और युजवेंद्र चहल को आईपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन के दम पर टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है लेकिन शुभमन गिल और रिंकू सिंह को रिजर्व में रखा गया है।

### जय व अगरकर ने किया ऐलान

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सचिव जय शाह और मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर की अहमदाबाद में बैठक के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम का ऐलान किया। रोहित व अगरकर बृहस्पतिवार को मुंबई में मीडिया से मुखातिब होंगे। हरफनमौला हार्दिक पंड्या को आईपीएल में मुंबई इंडियंस की कप्तानी लेने के बाद से खराब फॉर्म के बावजूद उपकप्तान बनाया गया है।

### भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज। रिजर्व खिलाड़ी: शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान।

### पाक से 9 जून को मुकाबला

भारतीय टीम पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड के साथ खेलेगी। दूसरा मुकाबला 9 जून को पाकिस्तान से होगा। 12 जून को तीसरा मुकाबला अमेरिका और चौथा मुकाबला कनाडा से 15 जून को होगा।




12वीं कक्षा का परिणाम घोषित, लड़के इस बार भी पिछड़े

# हरियाणा बोर्ड ने इस बार टॉपर्स नहीं निकाले, बुलंदी पर बेटियां

- 82.52% लड़के व 88.14% लड़कियां पास
- 85.31% छात्र पास, निजी स्कूल आगे, सरकारी पीछे
- निजी स्कूलों के 88.12% व सरकारी स्कूलों के 83.34% विद्यार्थी पास हुए

**भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड(एचबीएसई) ने मंगलवार को 12वीं कक्षा का परिणाम जारी कर दिया। इस बार बोर्ड ने परीक्षाएं समाप्त होने के सिर्फ 27 दिन के रिकॉर्ड समय में ही 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया है। जारी परिणाम में इस बार भी बेटियों ने बाजी मारी है। परीक्षा में 88.14% लड़कियां पास हुई हैं, वहीं 82.52% लड़के पास हुए हैं। इस बार सरकारी के बजाय बोर्ड से मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों के बच्चों का पास परसेंटेज ज्यादा रहा है। निजी स्कूलों का रिजल्ट जहां 88.12% रहा, वहीं सरकारी स्कूलों के 83.34% बच्चे पास हुए। हरियाणा बोर्ड के रिजल्ट में ओवरऑल ग्रामीण बच्चे ज्यादा कामयाब रहे। हालांकि,इस बार बोर्ड ने मैरिट लिस्ट जारी नहीं की है। स्टूडेंट्स के सुसाइड करने जैसी घटनाओं को देखते हुए बोर्ड ने टॉपर्स की घोषणा नहीं की है।

### गणित का रिजल्ट कम, डांस विषय का ज्यादा


फतेहाबाद में 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद खुशी व्यक्त करती शांति निकेतन स्कूल ढिंगरा की छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

### स्वयंपाठी का परिणाम 65.32%

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि परीक्षार्थी परिणाम बोर्ड की वेबसाइट **www.bseh.org.in** पर देख सकते हैं। नियमित परीक्षार्थियों का परिणाम 85.31 प्रतिशत तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 65.32% रहा है।

### 6,169 परीक्षार्थी फेल

सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) नियमित परीक्षा में 2,13,504 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, इनमें 1,82,136 पास हुए व 6,169 परीक्षार्थी फेल रहे। परीक्षा में 1,05, 993 प्रविष्ठ छात्राओं में से 93,418 पास हुईं, जबकि 107511 छात्रों में से 88718 ही पास हुए।

### ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र छाए


राजकीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता 83.35 रही, प्राइवेट विद्यालयों में पासिंग प्रतिशत 88.12 रहा है। इस परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का पास प्रतिशत 86.17 रहा, जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 83.53 रही है। उन्होंने बताया कि पास प्रतिशतता में जिला महेंद्रगढ़ टॉप तथा जिला नूंह पायदान पर सबसे नीचे रहा।

### 20 दिन में पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करें

जो अभ्यर्थी अंकों से संतुष्ट नहीं होंगे, वे 20 दिनों के अंदर जांच व पुनर्मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छात्र बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर अपने रोल नंबर और जन्म तिथि का इस्तेमाल कर परिणाम देख सकते हैं। बोर्ड 12वीं के रिजल्ट और मार्कशीट डिजिलॉकर एप और एसएमएस पर भी अपलोड करता है।

### नूंह फिसड्डी

| जिला | अपीयरड | पास | प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| महेंद्रगढ़ | 7428 | 6907 | 92.99 |
| चरखी दादरी | 6065 | 5600 | 92.33 |
| झज्जर | 7648 | 6894 | 90.14 |
| जींद | 13670 | 12313 | 90.07 |
| कुरुक्षेत्र | 7428 | 6595 | 88.79 |
| पंचकूला | 2780 | 2493 | 89.68 |
| कैथल | 10979 | 9747 | 88.78 |
| पानीपत | 11166 | 9893 | 88.60 |
| करनाल | 10638 | 9360 | 87.99 |
| रेवाड़ी | 7542 | 6626 | 87.85 |
| भिवानी | 12275 | 10779 | 87.81 |
| हिसार | 15968 | 14015 | 87.77 |
| सिरसा | 10020 | 8764 | 87.47 |
| गुरुग्राम | 11129 | 9630 | 86.53 |
| अम्बाला | 7034 | 6076 | 86.38 |
| फतेहाबाद | 8322 | 7179 | 86.27 |
| सोनीपत | 14247 | 11782 | 82.70 |
| यमुनानगर | 8868 | 7519 | 84.79 |
| रोहतक | 8489 | 7109 | 83.74 |
| फरीदाबाद | 12999 | 9922 | 76.33 |
| पलवल | 11600 | 8836 | 76.17 |
| नूंह | 7209 | 4097 | 56.83 |




## खबर संक्षेप

### दो महिलाओं को पुलिसकर्मियों ने ही भीड़ के हवाले किया था

**नई दिल्ली।** मणिपुर में कूकी-जोमी समुदाय की दो महिलाओं को पुलिसकर्मियों ने ही उस भीड़ के हवाले कर दिया था, जिसने उन्हें निर्वस्त्र कर घुमाया। सीबीआई के आरोपपत्र में यह जानकारी दी गई है। आरोपपत्र में कहा, महिलाओं ने पुलिसकर्मियों के सरकारी वाहन (जिप्सी) में शरण मांगी थी। एजेंसी

### कोटा में एक और नीट छात्र ने आत्महत्या की

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में नीट के 20 वर्षीय राजस्थान के मूल निवासी भरत कुमार राजपूत ने परीक्षा में शामिल होने के अपने तीसरे प्रयास से कुछ दिन पहले मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। सुसाइड नोट में लिखा है, 'सॉरी पापा, मैं इस साल भी (परीक्षा उत्तीर्ण) नहीं कर पाया। भाषा

### लड़की से बार-बार दुष्कर्म अंतरात्मा झकझोरने वाला

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने लड़की के साथ कई बार रेप करने वाले आरोप को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा, लड़की से बार-बार रेप उसकी अंतरात्मा को झकझोरने वाला है। लड़की जब 10 साल की थी आरोपित तब से उसके साथ रेप कर रहा था। इसके कारण वह निम्फोमेनियाक हो गई है। भाषा

### यादव बने दिल्ली कांग्रेस के नए अंतरिम अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रहे अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे के बाद अब पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देवेंद्र यादव को दिल्ली कांग्रेस का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया है। यादव पंजाब कांग्रेस कमेटी के प्रभारी भी हैं। एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछे तीखे सवाल, आजादी बेहद अहम, 3 मई तक 5 सवालों के जवाब मांगे

# चुनाव से पहले ही केजरीवाल को गिरफ्तार क्यों किया गया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सवाल उठाए। बेंच ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील एएसजी एसवी राजू से पूछा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को लोकसभा चुनाव से ठीक पहले ही क्यों गिरफ्तार किया गया। स्वतंत्रता बहुत महत्वपूर्ण है, आप इससे इनकार नहीं कर सकते। कोर्ट ने 5 सवालों के जवाब के साथ 3 मई को सुनवाई की तारीख रखी है।

### ईडी से ये सवाल भी पूछे

- क्या बिना किसी न्यायिक कार्यवाही के विजय मदनलाल चौधरी या अन्य मामले में जो कहा गया है, उसके संदर्भ में आपराधिक कार्यवाही शुरू की जा सकती है? (जस्टिस खन्ना ने कहा कि केजरीवाल के मामले में अब तक कोई कुर्की नहीं हुई है। अगर हुई है तो ईडी को यह बताना होगा कि उनका संबंध कैसे था)
- मनीष सिसोदिया मामले में फैसले के दो हिस्से हैं-एक, जो उनके पक्ष में है, दूसरा, जो उनके पक्ष में नहीं है। केजरीवाल का मामला किस भाग में आता है?


केजरीवाल की गिरफ्तारी पर ईडी से मांगा जवाब

- पीएमएलए के सेक्शन-19 की व्याख्या कैसे की जाए, क्योंकि केजरीवाल जमानत के लिए आवेदन करने के बजाय गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ आ रहे हैं। यदि वे बाद का रास्ता अपनाते हैं तो उन्हें पीएमएलए के सेक्शन-45 के तहत उच्च प्रावधानों का सामना करना पड़ेगा?
- कार्यवाही शुरू होने और कुछ समय बाद बार-बार शिकायत दर्ज होने के बीच का समय। इस अंतर के गंभीर नतीजे होंगे। चूंकि धारा 8 न्यायिक प्रक्रिया के लिए 365 दिनों की अधिकतम समय सीमा तय करती है।

**सिसोदिया को फिर झटका जमानत खारिज अब हाईकोर्ट जाएंगे**

राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अब हाईकोर्ट जाने का फैसला किया है। बता दें कि सिसोदिया ने कथित आबकारी नीति घोटाले के मामले में जमानत याचिका दायर की थी। यह दूसरी बार है जब कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज की है। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 तो गिरफ्तार किया था, उस वक्त सिसोदिया आबकारी मंत्री भी थे। इसके बाद बीते साल ही नौ मार्च को प्रवर्तन निदेशालय ने भी उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया था।

शाह का फर्जी वीडियो मामला

## कांग्रेस और आप के दो नेता गिरफ्तार

**अहमदाबाद (भाषा)।** गुजरात पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 'फर्जी वीडियो' साझा करने के आरोप में कांग्रेस के नेता और आप के पदाधिकारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फर्जी वीडियो में शाह अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण अधिकारों को खत्म करने की घोषणा करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने कहा कि अहमदाबाद साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने दो आरोपितों बनासकांठा के पालनपुर निवासी सतीश वंसोला और दाहोद जिले के लिमखेड़ा शहर से राकेश बारिया को गिरफ्तार किया है। वंसोला कांग्रेस और बारिया आप से जुड़े हैं।

# बिजनौर में हादसा, पानीपत का हैंडलूम कारोबारी जिंदा जला

पत्नी, बहन व तीन बच्चों को लोगों ने बचाया | 18 अप्रैल को हुआ इमरान की बहन का निकाह | बहन को विदा करवाने के लिए परिवार संग गया था

**पानीपत (हरिभूमि न्यूज)।** बिजनौर के पास मंगलवार अल सुबह कार पर ट्रक पलटने से आग लग गई। हादसे में चला रहा पानीपत का हैंडलूम कारोबारी इमरान जिंदा जल गया और उसकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने कार का शीशा तोड़कर उनकी पत्नी, बहन और तीन बच्चों को बचा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि एक ट्रक को साइड से दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी। इसके बाद चावल की बोरियों से भरा ट्रक कार पर पलट गया। इमरान स्टेरिंग व सीट के बीच फंस गया। कार बोरियों के नीचे दब गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने बोरियों को हटाकर कार का पीछला शीशा तोड़कर कार में बैठी दो महिलाओं व तीन बच्चों को बाहर निकालाए लेकिन तभी कार में आग लग गई और कार में फंसे इरफान की जलने से मौत हो गई।



### बिजनौर हुई थी बहन की शादी

18 अप्रैल को इमरान की बहन नजराना की शादी बिजनौर में हुई थी। इमरान बहन को विदा कराने के लिए परिवार के साथ आया था। उसकी पत्नी तबस्सुम (28) ने बताया कि वे मंगलवार सुबह पानीपत के लिए चले थे। इसी बीच रास्ते में हादसा हो गया।

# जदएस ने 'सेक्स स्कैंडल' मामले में सांसद रेवन्ना को निलंबित किया

भाषा ▶▶| बेंगलुरु

जनता दल सेक्युलर (जदएस) ने 'सेक्स स्कैंडल' में संलिप्तता के लिए हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना को मंगलवार को पार्टी से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। हुब्बल्ली में पार्टी की कोर समिति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा से रेवन्ना के निलंबन की सिफारिश की थी, जिसके चंद मिनटों बाद ही हासन के सांसद को निलंबित कर दिया गया।

### देवेगौड़ा, रेवन्ना के दादा

पार्टी को उठानी पड़ रही शर्मिंदगी निलंबन आदेश में कहा गया है, ''हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के वीडियो सोशल मीडिया और मीडिया में व्यापक रूप से प्रसारित हो रहे हैं, जिसके चलते पार्टी और आलाकमान को भारी शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है।'



एडमिरल त्रिपाठी ने संभाली कमान, बोले

# नौसेना शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय तैयार रहे

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नौसेना के 26वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मंगलवार को कहा कि नौसेना को समुद्री क्षेत्र में उभरती चुनौतियों के मद्देनजर संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय अभियान की दृष्टि से तैयार रहना होगा। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ एडमिरल त्रिपाठी ने आर हरि कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद यह जिम्मेदारी संभाली है।



नौसेना सभी चुनौतियों से निपटने में सक्षम
संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ हैं एडमिरल त्रिपाठी

एडमिरल त्रिपाठी ने ऐसे समय में नौसेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभाली है जब लाल सागर और अदन की खाड़ी समेत अनेक रणनीतिक जलमार्गों पर सुरक्षा चुनौतियां पैदा हुई हैं।

### शपथ लेने से पहले मां के पैर छुए

एडमिरल त्रिपाठी ने पदभार संभालने से पहले अपनी मां रजनी त्रिपाठी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत में योगदान के लिए भारतीय नौसेना को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम काम करेंगे। एडमिरल त्रिपाठी को दिल्ली में नेवी चीफ का पदभार सौंपा गया। 60 साल के एडमिरल त्रिपाठी त्रिपाठी 39 साल से नौसेना में हैं। उन्होंने कहा- पिछले कुछ वर्षों में हमारी नौसेना एकजुट और विश्वसनीय फोर्स के रूप में डेवलेप हुई है।

## कांग्रेस ने गुरुग्राम से राज बब्बर को मैदान में उतारा



**नई दिल्ली(भाषा)।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए एक और सूची जारी की है। इसमें हरियाणा की बची एक सीट गुरुग्राम पर अभिनेता एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति के पूर्व अध्यक्ष राज बब्बर को टिकट दिया है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, हमीरपुर से सतपाल रायजादा व मुंबई उत्तर लोकसभा क्षेत्र से भूषण पटेल को उम्मीदवार घोषित किया है।

**सुप्रीम कोर्ट की आईएमए प्रमुख को फटकार** | इंटरव्यू में की गईं आईएमए अध्यक्ष की टिप्पणियों पर कड़ा ऐतराज

पतंजलि का प्रतिनिधित्व कर रहे रोहतगी ने कोर्ट के सामने उठाया मुद्दा

# आप कैसे तय करेंगे अदालत क्या करेगी, नतीजों के लिए तैयार रहिए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि पतंजलि आयुर्वेद ने अपने माफीनामे में सह-संस्थापक बाबा रामदेव का नाम लेकर सुधार किया है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद की तरफ से जारी किए गए सार्वजनिक माफीनामे की जांच के बाद कहा, 'एक उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पहले सिर्फ पतंजलि का नाम था, अब नाम हैं। हम इसकी सराहना करते हैं। इस दौरान कोर्ट ने इंडियन मेडिकल असोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष आरवी अशोकन के एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में दिए बयानों पर सख्त टिप्पणियां भी की। जस्टिस अमानुल्लाह ने अशोकन को फटकार लगाते हुए कहा कि आप कैसे तय करेंगे कि अदालत क्या करेगी, गंभीर नतीजों के लिए तैयार रहिए।



आईएमए अध्यक्ष ने आईएमए व निजी डॉक्टरों पर शीर्ष कोर्ट की टिप्पणी को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया था

### कोर्ट की कार्रवाई में सीधा हस्तक्षेप : रोहतगी

सुनवाई के दौरान पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व कर रहे सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने अशोकन की टिप्पणियों को उठाया। रोहतगी ने कहा, 'वह कहते हैं कि अदालत ने हम पर उंगली क्यों उठाई, अदालत की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है।' यह अदालत की कार्यवाही में सीधा हस्तक्षेप है। वह आईएमए अध्यक्ष के खिलाफ अवमानना की मांग करते हुए एक आवेदन दायर करेंगे।

### कोर्ट ने यह कहा

बेंच ने रोहतगी को आईएमए निदेशक के इंटरव्यू को रिकॉर्ड में लाने के लिए कहा। यह अब तक हो रही चीजों से ज्यादा गंभीर होगा। अधिक गंभीर परिणामों के लिए तैयार रहें।' बेंच ने आईएमए के वकील से कहा, 'आपने कोई अच्छा काम नहीं किया और आप कैसे तय कर सकते हैं कि अदालत क्या करेगी, अगर यह सही है।'


### यह कहा था आईएमए प्रमुख ने

आईएमए प्रमुख ने कहा था कि यह 'दुर्भाग्यपूर्ण' है कि सुप्रीम कोर्ट ने आईएमए और निजी डॉक्टरों के तौर-तरीकों की आलोचना की। 'अस्पष्ट और अति सामान्य बयानों' ने निजी डॉक्टरों को हतोत्साहित किया है। 'हम ईमानदारी से मानते हैं कि उन्हें यह देखने की जरूरत है कि उनके सामने क्या सामग्री रखी गई है।

## भ्रूण की लिंग जांच से रोक हटे, पीसी-पीएनडीटी एक्ट में हो बदलाव : अशोकन

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) प्रमुख आरवी अशोकन ने कहा है कि भ्रूण का लिंग पता करने पर रोक लगाने से कन्या भ्रूण हत्या तो रुक सकती है, लेकिन इससे बच्ची के पैदा होने के बाद उसकी हत्या नहीं रोकी जा सकती। ये बात अशोकन ने एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कही। उन्होंने कहा कि आईएमए मौजूदा प्री-कंसेप्शन और प्री-नेटल डायगनॉस्टिक टेक्नीक (पीसी-पीएनडीटी) एक्ट में बदलाव के लिए डॉक्यूमेंट तैयार कर रहा है। मौजूदा कानून भ्रूण के लिंग का पता लगाने को प्री-नेटल डायगनॉस्टिक टेक्नीक पर रोक लगाता है। ऐसा करने वाले डॉक्टर को जिम्मेदार ठहराता है। इसमें हमारी तरफ से एक सुझाव ये है कि क्यों न भ्रूण के लिंग का पता लगाया जाए और फिर कन्या भ्रूण की रक्षा की जाए। पीसी-पीएनडीटी एक्ट को पूरी तरह से तोड़-मरोड़ दिया गया है, ये सिर्फ मौजूदा स्थिति को देखता है और एनजीओ की इसमें बड़ी भूमिका रहती है। कन्या भ्रूण हत्या रोकना हमारी भी प्राथमिकताओं में है, लेकिन हम इस एक्ट में बताए गए तरीके से सहमत नहीं हैं।

**आईएमए प्रमुख ने दिए सुझाव, गर्भ में लड़की की जानकारी मिलेगी तो पैदा होने के बाद उसकी जान बचा सकेंगे**





# घोषणा कांग्रेस ने गुरुग्राम में खेल दिया बब्बर कार्ड, प्रदेश में पहली बार पंजाबी समाज को दो टिकट

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

लगभग एक माह की लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार कांग्रेस ने मंगलवार देर सायं फिल्म स्टार व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजबब्बर को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। राजबब्बर को प्रत्याशी बनाकर पार्टी ने गुरूग्राम के साथ-साथ पूरे प्रदेश में पंजाबी कार्ड खेलने का काम कर दिया है। कांग्रेस ने पहली बार प्रदेश में दो लोकसभा सीटों पर पंजाबी प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। गत लोकसभा चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवार रहे कैप्टन अजयसिंह यादव टिकट की घोषणा के अंतिम समय तक इस जंग में डटे रहे, परंतु आखिरकार पार्टी हाईकमान से उन्हें मायूसी ही हाथ लगी।

## अंतिम समय तक कैप्टन अजय यादव ने नहीं छोड़ी आस तमाम प्रयासों के बावजूद हाईकमान ने किया निराश



राजबब्बर | कैप्टन अजय यादव

गुरुग्राम सीट पर कांग्रेस की टिकट को लेकर करीब एक माह से कशमकश का दौर चल रहा था। इस सीट पर पहले कैप्टन अजय ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। कैप्टन के इनकार करने के बाद पूर्व सीएम हुड्डा के करीबी माने जाने वाले राव दानसिंह ने चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की, तो कैप्टन दानसिंह का रास्ता रोकने के लिए एक्टिव हो गए। वह किसी भी सूरत में यह नहीं चाहते थे कि राव दानसिंह को गुरुग्राम से टिकट मिले। इससे भविष्य में कैप्टन के लिए यह सीट हाथ से निकलने की आशंका बन जाती। दानसिंह का विरोध शुरू करने के साथ ही हुड्डा ने इस सीट पर कैप्टन को भी मैदान से हटाने के लिए मुहिम शुरू कर दी। कैप्टन ने पहले टिकट के लिए आवेदन से मना करने के बाद आवेदन भी कर दिया था। कैप्टन इस सीट पर दानसिंह का रास्ता रुकवाने में तो सफल हो गए, लेकिन अपनी टिकट पक्की कराने में उन्हें सफलता नहीं मिली। सूत्रों के अनुसार अपने समधी को टिकट दिलाने के लिए बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव तक ने कांग्रेस हाईकमान पर दबाव बनाने का पूरा प्रयास किया। कैप्टन के बेटे चिरंजीव राव भी पिता की टिकट के लिए प्रयासरत रहे। नतीजा यह हुआ कि गत दिनों कांग्रेस हाईकमान ने गुरूग्राम को छोड़कर सभी 8 सीटों पर प्रत्याशी मैदान में उतार दिए। राव दानसिंह को हुड्डा महेंद्रगढ़-भिवानी सीट पर किरण चौधरी के विरोध को दरकिनार करते हुए मैदान में उतारने में कामयाब हो गए।

### कैप्टन का खुलकर साथ निभाने का दावा

टिकट नहीं मिलने से निराश कैप्टन अजय सिंह यादव के सकून भरी बात यह है कि आने वाले समय में इस सीट पर उनका दावा बरकरार रहेगा। महेंद्रगढ़-भिवानी की तर्ज पर कांग्रेस में इस सीट पर भी भीतरघात की पूरी आशंका बनी रहेगी, लेकिन कैप्टन अजय सिंह यादव ने दावा किया है कि वह पार्टी प्रत्याशी का खुलकर साथ निभाएंगे। कैप्टन खुद इस सीट पर पिछले चुनाव में करीब पांच लाख वोट हासिल कर चुके हैं।

### रोचक हो सकता है मुकाबला

राजबब्बर को टिकट देकर कांग्रेस ने प्रदेश में जबरदस्त पंजाबी कार्ड खेल दिया है। पार्टी के इतिहास में पहली बार दो पंजाबी नेताओं को टिकट दी गई है। इसकी नींव गुरूग्राम में पंजाबी नेता महेंद्र छाबड़ा ने टिकट के लिए आवेदन करते हुए रख दी थी। पंजाबी को टिकट मिलने के बाद भाजपा के समीकरण बिगड़ सकते हैं। पंजाबी वोटों का झुकाव अभी तक भाजपा की ओर बना रहा है।

## दिनभर की सियासी हलचल

### रणजीत सिंह का विधानसभा से इस्तीफा मंजूर

**चंडीगढ़।** आखिरकार ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह हिसार लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला का विधायक पद से इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। उन्होंने फिलहाल मंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है और वे इस पद पर बने रहेंगे। मंगलवार को चौटाला विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता के पास पहुंचे और इस्तीफे का मौके पर सत्यापन किया। रणजीत सिंह ने 24 मार्च को ही इस्तीफा भेज दिया था, जिसको उसी दिन से स्वीकार करने की पुष्टि स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने कर दी है। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने कहा कि वह मंत्री पद से अभी इस्तीफा नहीं दे रहे।



### सी-विजिल पर अब तक 2888 शिकायतें मिल चुकी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि राज्य में लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। चुनाव के दौरान लागू आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। आयोग के लिए तीसरी आंख का काम कर रही है। सी-विजिल के माध्यम से राज्य में अब तक 2888 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं।

#### खेमका चुनाव आयोग के रडार पर

सुर्खियों में रहने वाले हरियाणा के वरिष्ठ आईएएस अफसर अशोक खेमका चुनाव आयोग के निशाने पर आ चुके हैं। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने आईएएस अधिकारी और रोहतक मंडलायुक्त संजीव वर्मा की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए शिकायत को हरियाणा के मुख्य सचिव के पास कार्रवाई के लिए भेज दिया है।

### एजी आफिस से जेजेपी कोटे के 11 कानून अधिकारी हटाए

**चंडीगढ़।** भाजपा और जेजेपी गठबंधन टूटने के बाद अब एजी आफिस से 11 कानून अधिकारियों को बाहर कर दिया है। हरियाणा एजी आफिस ने इस बाबत मुख्यमंत्री के चीफ प्रिंसिपल सेक्रेटरी राजेश खुल्लर को पत्र लिख कर 11 कानून अधिकारियों के त्याग पत्र 30 अप्रैल से स्वीकार करने की जानकारी दी है।

## त्रिकोणीय मुकाबले में फंसता है पेंच, जीत का अंतर 1 % तक भी सिमटा

# क्या 2004 और 2014 को दोहरा पाएगा 2024 सोनीपत

दीपक वर्मा ▶▶| सोनीपत

सोनीपत लोकसभा सीट अपने अस्तित्व में आने के बाद से ही हैरानी भरे जनादेश देती रही है। बात चाहे 2019 की हो, जब कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को हार नसीब हुई हो या फिर बात चाहे 2009 की हो जब तीन बार के सांसद किशन सिंह सांगवान हार जाते हैं। या फिर दिग्गजों को पटखनी देकर निर्दलीय अरविंद शर्मा चुनाव जीत जाते हैं या फिर दिग्गज देवीलाल को हार का स्वाद चखना पड़ता है। इन्हीं वजहों से सोनीपत लोकसभा का इतिहास रोचक हो जाता है। इसी इतिहास का अध्ययन करने पर पता चलता है कि सोनीपत लोकसभा में एक प्लान छोड़कर अगले प्लान में चुनाव करीबी रहता है। जिसमें कौन प्रत्याशी जीत रहा है और कौन हार रहा है, इसकी भविष्यवाणी करना बहुत मुश्किल काम हो जाता है। इतना ही नहीं हार-जीत का अंतर कुल वैध मतों के 10 प्रतिशत से भी कम रह जाता है। कम से कम चार प्लान से तो ऐसा ही हो रहा है। 2004 में हार-जीत का अंतर सिर्फ 1 प्रतिशत मतों पर हुआ था। वहीं 2014 में 7.84 प्रतिशत मतों का ही अंतर रहा था। एक तरह से सोनीपत के मतदाताओं का पैटर्न बन गया है। इस पैटर्न को फोलो करने पर पता चलता है कि इस बार के चुनावों में मुकाबला करीबी हो सकता है। क्योंकि 2014 में त्रिकोणीय मुकाबले के बीच फंसी सोनीपत लोकसभा सीट ने 2019 में अच्छे-खासे अंतर से भाजपा को जितवाया था।

■ 2004, 2014 में हुए थे त्रिकोणीय मुकाबले, जीत का अंतर रहा था कम

### इस बार भी करीबी हो सकता है मुकाबला

अधिक जानकारी के लिए स्केन करें

इतिहास से पता चलता है कि एक प्लान छोड़कर दूसरे प्लान में करीबी मुकाबले होते रहे हैं। जिसमें जीत और हार का अंतर भी काफी कम रहता है और कौन जीतेगा इसकी भविष्यवाणी करना भी काफी मुश्किल होता है। इतिहास की बात को छोड़ भी दें तो फिर भी सोनीपत लोकसभा चुनाव इस बार करीबी हो सकता है। विशेषतौर पर कांग्रेस और भाजपा के बीच ही मुकाबला रहेगा। मौजूदा समय में भी इसका स्पष्ट संकेत मिलता है कि भाजपा और कांग्रेस के बीच यहां कांटे की टक्कर होगी।

| साल | विजेता दल | उपविजेतादल | हार-जीत का अंतर |
|---|---|---|---|
| 1977 | जनता पार्टी | कांग्रेस | 65.39 |
| 1980 | जनता पार्टी (एस) | कांग्रेस (आई) | 34.42 |
| 1984 | कांग्रेस | लोकदल | 0.59 |
| 1989 | जनता दल | कांग्रेस | 11.17 |
| 1991 | कांग्रेस | जनता पार्टी | 7.62 |
| 1996 | आजाद | समता पार्टी | 7.07 |
| 1998 | लोकदल | हरियाणा विपा | 19.84 |
| 1999 | भाजपा | कांग्रेस | 40.66 |
| 2004 | भाजपा | कांग्रेस | 1 |
| 2009 | कांग्रेस | भाजपा | 22.64 |
| 2014 | भाजपा | कांग्रेस | 7.84 |
| 2019 | भाजपा | कांग्रेस | 14.6 |

नोट : उपरोक्त में हार-जीत का अंतर प्रतिशत में दिया गया है।

**एक प्लान छोड़ दूसरे प्लान में होता है करीबी मुकाबला, मतगणना तक विजेता प्रत्याशी बताना होता है मुश्किल**

### 2014 : त्रिकोणीय था मुकाबला

भाजपा, कांग्रेस और इनेलो के बीच त्रिकोणीय मुकाबला बना था, हालांकि भाजपा के रमेश कौशिक ने 7.84 प्रतिशत अधिक मत प्राप्त कर जीत दर्ज की थी। उन्होंने 35.19 प्रतिशत मत हासिल किए थे। जबकि कांग्रेस के जगबीर मलिक ने 27.35 और इनेलो के पदम सिंह दहिया ने 26.80 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे।

### 2019 : आधे से ज्यादा वोट लेकर जीती भाजपा

भाजपा के रमेश कौशिक ने अपने पिछले प्रदर्शन को सुधारते हुए 52.03 प्रतिशत मत हासिल किए थे। सबसे करीबी प्रतिद्वंदी कांग्रेस के भूपेंद्र सिंह हुड्डा थे, जिन्हें 37.43 प्रतिशत मत मिले थे। 14.6 प्रतिशत अधिक मत प्राप्त कर भाजपा ने अच्छी खासी जीत दर्ज की थी। एक तरह से यह जीत एकतरफा जीत कही जा सकती है, क्योंकि भाजपा ने 1 लाख 64 हजार 864 मत अधिक प्राप्त किए थे।

### 2004 : एक % से जीती थी भाजपा

इन लोस चुनावों में भाजपा के किशन सिंह सांगवान ने 31.77 % मत हासिल किए थे, वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के धर्मपाल मलिक ने 30.7 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। इस तरह से 1 प्रतिशत मतों से ही भाजपा ने जीत दर्ज की थी। इन चुनावों में इनेलो के कृष्ण मलिक ने 27 % मत हासिल कर मुकाबले को त्रिकोणीय किया था।

### 2009 : एकतरफा जीती थी कांग्रेस

कांग्रेस के जितेंद्र मलिक ने 47.56 प्रतिशत मत हासिल करते हुए जीत हासिल की। निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के किशन सिंह सांगवान थे, जिन्हें 24.92 प्रतिशत मत मिले थे। इस तरह से कांग्रेस ने 22.64 प्रतिशत मत अधिक प्राप्त कर बड़ी जीत हासिल की थी।

### 1984 में 0.59 % मतों से हुई थी जीत

बेशक से 2004 के बाद 1 बड़े अंतर वाला चुनाव और दूसरा कम अंतर वाला चुनाव का पैटर्न बना है, लेकिन इससे पहले भी कुछ-कुछ ऐसा होता आया है। 1977 में 65.39 प्रतिशत, 1980 में 34.42 प्रतिशत की विशाल जीत के बाद 1984 में जीत का अंतर केवल 0.59 प्रतिशत था। 1989 में फिर बड़ी जीत मिलती है, जिसमें 11.17 प्रतिशत मतों का अंतर था। 1991 में फिर से मुकाबला करीबी रहता है और अंतर केवल 7.62 प्रतिशत पर सिमट जाता है। 1996 में पैटर्न में थोड़ा बदलाव होता है एक बार फिर मुकाबला करीबी हो जाता है। 7.07 प्रतिशत मत हार-जीत का अंतर पैदा करते हैं। 1998 में 19.84 प्रतिशत अधिक जनादेश मिलता है और 1999 में हार-जीत में 40.66 प्रतिशत मतों का अंतर होता है।

## चरखी दादरी में मनोहर लाल का कांग्रेस पर हमला

# 'राहुल गांधी की संस्कृति विदेशी है पीएम को भी तू कहकर बोलते हैं'



**चंडीगढ़/ चरखी दादरी।** चरखी दादरी में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि झूठ की राजनीति करने वाली कांग्रेस के दिन अब लद चुके हैं। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि राहुल गांधी की तो संस्कृति ही विदेशी है उनको यह भी नहीं पता कि प्रधानमंत्री से कैसे बात की जाती है। पूर्व सीएम ने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी का मटियामेट करने में जुटे हुए हैं। चरखी दादरी में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा प्रत्याशी चौधरी धर्मबीर सिंह के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली में मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा की सरकार ने ही दादरी जिला की सुध ली है। रिकार्ड तोड़ काम 10 सालों में कराए गए हैं। पूर्व सीएम ने चौधरी धर्मबीर सिंह को जिताने का आह्वान करते हुए कहा कि आप लोग पिछली चुनाव की अपेक्षा इस बार धर्मबीर को रिकार्ड तोड़ वोटों से जीताकर संसद में भेजें और मोदी जी का हाथ मजबूत करें।

मनोहर लाल ने राहुल गांधी पर चुटकी लेते हुए कहा कि वो खुद को महात्मा गांधी का अनुयायी बताते हैं, लेकिन वो उनके आस-पास भी नहीं है। मनोहर लाल ने कहा कि जनता इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का सुपड़ा ही साफ कर देगी।

### नामांकन का दूसरा दिन: सोनीपत, करनाल और कुरुक्षेत्र में चार लोगों ने भरे पर्चे

चंडीगढ़। नामांकन के दूसरे दिन सोनीपत लोस से रोहणी सेक्टर-15 दिल्ली निवासी रमेश कुमार खत्री ने आजाद उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन किया, कुरुक्षेत्र लोस से एकम सनातन भारत दल के उम्मीदवार महावीर सिंह व आजाद उम्मीदवार अनिल व सुभाष ने भरे नामांकन। वहीं, करनाल से वीरेंद्र मराठा ने भरा पर्चा, नामांकन के समय उनके साथ अभय चौटाला साथ रहे मौजूद।

## लगातार तीन बार जीत दर्ज करने वाले मेवात नहीं जीते

# मेवात की चुनावी हवा का रुख हमेशा विपरीत तीन हलकों में जीतने वाला नहीं पहुंचा लोस

■ राव इंद्रजीत सिंह वर्ष 2014 के चुनावों में दो हलकों में तीसरे नंबर पर रहने के बाद भी जीते



राव इंद्रजीत सिंह | कैप्टन अजय सिंह। | जाकिर हुसैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गुरुग्राम लोकसभा सीट पर आर्थिक रूप से कमजोर माने वाले नूंह जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में हवा का रुख लगातार विपरीत चला आ रहा है। इस जिले के तीनों हलकों में लोकसभा चुनावों में जीत दर्ज करने वाला कंडीडेट कभी भी लोकसभा के दर्शन नहीं कर पाया है। लोकसभा में प्रवेश करने वाला प्रत्याशी अभी तक तीनों सीटों पर जीत दर्ज नहीं कर पाया है। दो सीटों पर वर्ष 2014 के चुनावों में भाजपा प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहने के बावजूद जीत हासिल करने में कामयाब रह चुके हैं।

### लगातार तीन बार जीते

गुरुग्राम सीट पर लगातार तीन बार राव इंद्रजीत सिंह ने ही जीत हासिल की है। वह एक बार कांग्रेस और दो बार भाजपा की टिकट पर सांसद बने हैं। कांटे का मुकाबले नहीं होने के कारण नूंह के लोगों की नाराजगी भी चुनाव परिणाम पर असर नहीं डाल सकी है। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को नूंह हलके में 25.86, फिरोजपुर झिरका में 25.38 व पुन्हाना हलके में 26.38 फीसदी वोट ही मिले थे। इन तीनों हलकों में उस समय बहुज समाज पार्टी के जाकिर हुसैन विजयी रहे थे, जबकि राव इंद्रजीत सिंह लोकसभा सीट पर ओवरऑल विजेता रहे थे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में इनेलो की टिकट पर जाकिर हुसैन को तीनों सीटों पर अच्छे वोटों से जीत मिली थी। भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह नूंह हलके में 18.5 % मतों के साथ दूसरे नंबर पर रहे थे। गत लोकसभा चुनावों में मेवात के तीनों हलकों में कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अजय सिंह यादव ने जीत का परचम लहराया था। उन्हें नूंह में 67.94 फीसदी, फिरोजपुर झिरका में 78.4 फीसदी और पुन्हाना हलके में 76.5 फीसदी वोट मिले थे।

### कांग्रेस को मेवात से बड़ी उम्मीदें

मुस्लिम बाहुल्य मेवात कांग्रेस का परंपरागत गढ़ माना जाता है। कमजोर कंडीडेट होने की स्थिति में नूंह जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में तीसरे दल को तवज्जो दी गई। कैप्टन के रूप में मजबूत कंडीडेट मैदान में आते ही गत लोकसभा चुनावों में उन्हें तीनों मुस्लिम बाहुल्य हलकों में भारी समर्थन मिला। राव के बाद वह इस हलके में दूसरे दमदार प्रत्याशी साबित हो चुके हैं, परंतु इस बार उनकी टिकट को लेकर मामला काफी दिनों से खटाई में पड़ा हुआ है।

### इनेलो प्रत्याशी को लेकर इंतजार

मेवात क्षेत्र में पूर्व सीएम चौ. ओमप्रकाश चौटाला की मजबूत पकड़ रही है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी को पीछे छोड़ते हुए इनेलो की टिकट पर ही जाकिर हुसैन ने राव इंद्रजीत सिंह ने कड़ी टक्कर दी थी। जाकिर को तीनों हलकों में एकमुश्त वोट मिले थे। अभी इस सीट पर इनेलो से भी प्रत्याशी की घोषणा का इंतजार है।


**उत्तर रेलवे**

**ई. निविदा**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा संख्या 04–अम्बाला/2024–25 दिनांक 30.04.2024**

वरिष्ट मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक मंडल अभियंता/ट्रैक के अधीन एसएसई/पीवे/टीडी/अंबाला के अनुभाग में विभिन्न स्टेशनों गाजियाबाद, लखनऊ और अन्य स्थानों से अंबाला डिवीजन में कहीं भी और ट्रैक डिपो अंबाला में पी.वे सामग्री की लीडिंग, लोडिंग, अनलोडिंग और स्टैकिंग। | 3,47,13,542 | 3,23,600 | 18 महीने | 27.05.2024 |
| 2 | सहायक मंडल अभियंता/सहारनपुर के अधीन सीनियर सेक्सन इंजीनियर/कार्य/स्टेट/सहारनपुर के सेक्सन में इन्टर लॉक कार्य से संबंधित खानआलमपुर यार्ड में रिले हट के निर्माण का कार्य। | 50,34,719 | 1,00,700 | 03 महीने | 27.05.2024 |
| 3 | (1). सहायक मंडल अभियंता चंडीगढ़ के अधीन चंडीगढ़ यार्ड की सीटीआर(पी) 1.012 किमी.। (2) सहायक मंडल अभियंता चंडीगढ़ के अधीन चंडीगढ़ यार्ड की लूप लाइन नंबर 1,3 और 4 के लिए टीआरआर (पी) 1.874 किमी। (3) सीनियर सहायक मंडल अभियंता/मुख्यालय/अंबाला के अधीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी वे/अंबाला के अनुभाग में DOKY यार्ड में टीआरआर(एस) .9 टी किमी मीटर। (4) यूएमबी यार्ड (डीएसएस–1 नंबर और डीडीएस–4 नंबर) पूरे पर विशेष लेआउट का नवीनीकरण। | 90,62,196 | 1,81,300 | 08 महीने | 27.05.2024 |
| 4 | अंबाला डिवीजन के राजपुरा–बठिंडा खंड पर प्रस्तावित 130 किमी प्रति घंटे के रूट पर 20000 से अधिक टीवीयू वाले लेवल क्रासिंग गेट की इंटरलॉकिंग (वरिष्ठ मंडल अभियंता/अंबाला के अनुभाग में गेट संख्या 45–सी, 93–सी, 108–सी, 114–सी पर बैटरी + आईपीएस + रिले रूम) ) केवल सिविल कार्य। | 60,26,323 | 1,20,500 | 04 महीने | 27.05.2024 |
| 5 | सहायक मंडल अभियंता/सहारनपुर के अधीन सीनियर सेक्सन इंजीनियर/कार्य/लाइन/सहारनपुर के सेक्सन में सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए प्लेटफॉर्म सं० 1 से 6 पर CAMTECH Pattern पर त्वरित कोच जल व्यवस्था हेतु RCC ओवर हेड टैंक का प्रावधान। | 51,11,327 | 1,02,200 | 06 महीने | 27.05.2024 |
| 6 | (i) स्टोर डिपो के अंदर विभिन्न स्थानों पर कंक्रीट रोड का निर्माण और स्टोर डिपो JUDW के अंदर वैगन वार्ड की वस्तुओं के भंडारण के लिए वैगन वार्ड के पास 60x15x6 मीटर आकार के खुले शेड का निर्माण। (ii) सहायक मंडल अभियंता/JUDW के अधीन SSE/W-II/JUDW के अनुभाग में जगाधरी वर्कशॉप के अंदर DV एयर ब्रेक रूम के सामने लीन टू शेड और फर्श का प्रावधान। | 2,13,61,582 | 2,56,800 | 06 महीने | 27.05.2024 |
| 7 | एनएचएआई के चार लेन संरेखण में आने वाले ध्वस्त किए जाने वाले क्वार्टरों के बदले में कंडाघाट रेलवे स्टेशन के पास गांव डोलग में 8 यूनिट स्टाफ क्वार्टर (टाइप–II और III) रेलवे आवासीय भवनों का निर्माण। | 1,95,16,826 | 2,47,600 | 08 महीने | 27.05.2024 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई – निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 1289/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के विजेताओं के नाम

### सुनिश्चित पुरस्कार

451. जय भगवान सुपुत्र श्री पौहकर मल, धर्मविहार कॉलोनी बहादुरगढ़, झज्जर, 124507, 452. विनोद कुमार सुपुत्र श्री भरत सिंह विनोद किरयाणा स्टोर, बुडाना नारनौंद हिसार 125039, 453. शीला रानी W/o सत्यनारायण धीमान , गली न. N4 अर्जुन नगर कैथल, पिन-136027 , 454. महेंद्र सुपुत्र पृथ्वीसिंह गांव अकालगढ़, तहसील जुलाना, जींद 126101, 455. यादराम सुपुत्र हरद्वारी लाल गांव व डा. सुरेठली तहसील कोसली, रेवाड़ी 123402, 456. इशांत सुपुत्र राजेंद्र सरस्वती विहार, बावल रोड रेवाड़ी 123401, 457. सुभाष स्वरूप आसुरी सुपुत्र पं. श्याम स्वरूप 62/18 शिव कॉलोनी जींद 126102, 458. इन्दु विज पत्नी विनोद कुमार विज 1768 पहली मंजिल सैक्टर-2 रोहतक 124001, 459. द्वारकानाथ सुपुत्र बुधराज 291 ए/24 जगदीश कॉलोनी, रोहतक 124001, 460. राजेंद्र कुमार श्री कृष्णलाल 338/27 गांधी नगर, रोहतक 124001, 461. निरंजनलाल शर्मा सुपुत्र गणेशीलाल शर्मा गांव सेफा, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 462. सुनिधि पत्नी सुदर्शन कुमार गांव व डा. खुडान झज्जर 124108, 463. गुलाब सिंह सुपुत्र टेकराम पता : बुढ़ा खेड़ा लाठर, तहसील जुलाना, जींद 126101, 464. सरला देवी पत्नी श्री जयकिशन न्यू कृष्ण कॉलोनी जींद 126102, 465. ओमप्रकाश सुपुत्र लखीराम गांव पलड़ा म.नं. 311 तहसील बेरी, झज्जर, 124103, 466. ज्योति कुमारी सुपुत्री मनोज भगत, 670 दरिया, चंडीगढ पिन 160101, 467. गुलशन सुपुत्र श्री किशोरीलाल 14/10 दमदमा मोहल्ला मैन बाजार, झज्जर 124103, 468. विजय कुमार सुपुत्र श्री रामेश्वर दयाल महावीर पार्क गली नं. 3, बहादुरगढ़, झज्जर 124507, 469. मनमोहन सिंह सुपुत्र श्री ओमप्रकाश मौ. प्राणपुरा, वार्ड नं. 5, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 470. मनोज कुमार सुपुत्र राजेंद्र कुमार रोहिला 1217/25 गली नं. 1 भटनागर कॉलोनी, जींद 126102, 471. हरबक्सलाल खुराना सुपुत्र लक्ष्मणदास खुराना 24/776 गांधी चौक, झील मोहल्ला, बहादुरगढ़, झज्जर पिन 124507, 472. सुभाष चंद्र सुपुत्र श्री राम दित्ता मल म.नं. 548 सै. 14 रोहतक 124001, 473. राजेश यादव सुपुत्र ताराचंद यादव म.नं. 71, नलापुरा मोटा महादेव, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 474. रणबीर सिंह सुपुत्र अमिलाल लाल बहादुर शास्त्री नगर, हिसार रोड, रोहतक 124001, 475. परवीन कुमार सुपुत्र श्री किशन लाल 643-सी/30 आदर्श नगर, रोहतक 124001, 476. श्री राजबीर सुपुत्र श्री वीरसिंह गांव व डा. पलड़ा तहसील बेरी, झज्जर , 477. प्रदीप पराशर सुपुत्र श्री भगवान पराशर 2324/1 इंदिरा कॉलोनी, रोहतक 124001, 478. बलजीत सुपुत्र हवा सिंह, गांव गतौली, जींद , 479. यश सुपुत्र संदीप कुमार गांव व डा. दुबलधन धिक्यान बेरी, झज्जर 124202, 480. ओमप्रकाश मास्टर सुपुत्र श्री मनोहरलाल गांव व डा. दूबलधन धिक्यान बेरी झज्जर 124202, 481. सत्यदेव आर्य सुपुत्र सुल्तान सिंह गांव पलड़ा, तहसील बेरी, झज्जर 124103, 482. शमशेर सुपुत्र फूलसिंह पता जय जय वन्ती तहसील जुलाना, जींद 126114, 483. राजसिंह सुपुत्र श्री हजारी लाल गांव व डा. माजरा बेरी झज्जर 124133, 484. गुरूचरण सिंह सुपुत्र तारा सिंह 765, बी-2 प्रधाना मोहल्ला, रोहतक 124001, 485. हितेश सुपुत्र श्री धर्मवीर सिंह गांव दुजाना तहसील बेरी झज्जर 124102, 486. हार्दिक सुपुत्र मनदीप सिलानी गेट टिटल मोहल्ला झज्जर 124103, 487. रामरतन सिंह सुपुत्र श्री मथुरादास स्वामी साध गांव बेरी पाना बेटाण वार्ड नं. 2, बेरी, झज्जर, 124201, 488. सतीश कुमार सुपुत्र जयभगवान पता जीवनपुरा डालम वाला, जींद 126102, 489. विनोद सुपुत्र रघुनाथ अग्रवाल चूरी भण्डार, कच्चा बेरी रोड, रोहतक 124001, 490. सजन कुमार सुपुत्र चंद्र सिंह अमरावती खेड़ा ( जामनी रोड ) पिल्लू खेड़ा मंडी, जींद 126113, 491. धर्मबीर बंसल सुपुत्र श्री जयराम दास 1491/2/5 रेलवे रोड रोहतक 124001, 492. मोनिका सुपुत्री राजसिंह गांव जमालपुर तहसील मातनहेल, झज्जर 124146, 493. ज्योति पत्नी श्रीपाल गांव कानौंदा, बहादुरगढ़, पिन 124507, 494. हनुमान सुपुत्र श्री नंदराम पताः खायरा , 495. गोपीराम सुपुत्र श्री सूरजभान गांव बड़ा खातोद महेंद्रगढ़ 123029, 496. रामचंद्र सुपुत्र गोपीराम सिलानी पाना केशो, झज्जर 124103, 497. जितेंद्र सिंह सुपुत्र श्री लखमीचंद पता : गांव भगडाना , 498. कृष्ण कुमार जांगड़ा सुपुत्र ज्ञानी राम जांगड़ा गांव वजीरपुर तहसील बेरी, झज्जर 124201, 499. श्यामलाल श्री हुकुम चंद नाई वार्ड नं. 10 मोहल्ला वेदपाड़ा बूढ़ा महादेव मंदिर, झज्जर-124103, 500. करतार सिंह दहिया सुपुत्र श्री रामस्वरूप , पताः गांव धनौन्दा।

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 10 मई से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 5 तक के हरियाणा के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 6 से 10 एवं गारंटी उपहार के हरियाणा के विजेताओं को सम्बन्धित हरिभूमि कार्यालय / सम्बन्धित अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. 20,000 या 20,000 से अधिक मूल्य के पुरस्कार पर पाठक को टी.डी.एस. के रूप में 30% का भुगतान जमा करना होगा।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :-

फोन : 9253681019, 9253681020



## खबर संक्षेप

### सुनीता हसनपुर पंचायत समिति की अध्यक्ष बनी

**चंडीगढ़।** राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा द्वारा हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 161 की उप-धारा (4) के तहत 10 अप्रैल, 2024 को हुए चुनाव में निर्वाचित सुनीता पत्नी होराम का नाम पंचायत समिति हसनपुर, जिला पलवल के अध्यक्ष पद पर शेष अवधि के लिए अधिसूचित किया गया है। हरियाणा राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि आयोग ने संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

### शहीदी स्मारक का निर्माण 15 अगस्त तक होगा पूरा

**चंडीगढ़।** आजादी की पहली लड़ाई के शहीदी स्मारक का सम्पूर्ण कार्य 15 अगस्त तक पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सडक़ें) के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अम्बाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अम्बाला छावनी में 22 एकड़ में बनाए जा रहे आजादी की पहली लड़ाई के शहीदी स्मारक स्थल पर एक समीक्षा बैठक के दौरान दी। समीक्षा बैठक में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ और लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

### चंडीगढ़ जेबीटी आंसर कुंजी परिणाम जारी

**नारनौल।** शिक्षा विभाग चंडीगढ़ प्रशासन के पास जूनियर बेसिक टीचर के पद के लिए आयोजित परीक्षा की उत्तर कुंजी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दी है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर उत्तर कुंजी डाउनलोड कर सकते है। 28 अप्रैल को आयोजित लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र के संबंध में अंतिम उत्तर कुंजी व आपत्तियां प्रस्तुत करने के लिए लिंक जारी किया गया है। उम्मीदवार अपनी आपत्तियां 30 अप्रैल सुबह 11 बजे से दो मई दोपहर दो बजे तक केवल पोर्टल के माध्यम से पोस्ट कर सकते हैं।

### नशा मुक्ति के लिए भर्ती चौथी मंजिल से कूदा, मौत

**पंचकूला।** पंचकूला के सामान्य अस्पताल में भर्ती हुए एक व्यक्ति ने मंगलवार को चौथी मंजिल से कूदकर जीवन लीला समाप्त कर ली। उक्त व्यक्ति नशे से मुक्ति पाने के लिए छलांग लगा दी, उसे अस्पताल के डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां से उसने छलांग लगा दी। मरने वाले की पहचान सेक्टर 14 के रहने वाले सूरज के तौर पर हुई है।

### नाबालिग को ब्लैकमेल करने वालों को मिली सजा

**चंडीगढ़।** साइबर फॉरेंसिक लैब पंचकूला की टीम ने 14 साल की नाबालिग लड़की को ब्लैकमेल करने वाले 9 अपराधियों को सजा दिलवाने में सफलता हासिल की है। नाबालिग लड़की का एक लड़के से ऐप पर संपर्क हुआ। लड़की की निजी फोटो -वीडियो लेकर उसने लड़की को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था।

## मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस को हो रहा पेट में दर्द : नायब सैनी

# जनता का विश्वास खो चुकी कांग्रेस इनेलो व जजपा बौखलाई : सीएम

- अलगाववादी नेता यासीन मलिक कांग्रेस के लिए मांग रहा वोट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| पंचकूला

पंचकूला में जेजेपी और अन्य दलों से आए नेताओं को भाजपा ज्वाइन करवाने के मौके पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस, जेजेपी और आईएनएलडी तथा आम आदमी पार्टी पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के दलों की रैलियों में जनता नहीं पहुंच रही है, इसलिए उनके नेता बौखलाए हुए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला अलगाववादी नेता यासीन मलिक दिल्ली में पोस्टर लगाकर कांग्रेस के लिए वोट मांग रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस समय बौखलाई हुई है और उल-जलूल बयान देकर लोगों को भ्रमित कर रही है। आज के समय में कांग्रेस की टिकट पर कोई चुनाव लड़ना नहीं चाहता। कांग्रेस ने अपने शासन में गरीब, युवा, महिला और किसान सभी को प्रताड़ति किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब लोगों को मजबूत किया तो कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है। पंचकूला स्थित पार्टी कार्यालय पंचकमल में जजपा के बड़े नेताओं को भाजपा में शामिल कराने के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अरविंद केजरीवाल को निशाना पर लेते हुए नायब सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल खुले मंच से बोलते थे कि मैं कट्टर ईमानदार हूं, मेरी पार्टी कट्टर ईमानदार है। केजरीवाल कहते थे सोनिया गांधी की जांच कराई जाए तो वह तिहाड़ जेल में जरूर जाएगी, लेकिन केजरीवाल जिन राजनीतिक दलों को गाली देते थे आज उसी दल को गले लगे रहे हैं। केजरीवाल का एजेंडा भी भ्रष्टाचारियों और परिवारवादियों को बचाना है। सरकार में सहयोगी रही जजपा के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए सीएम सैनी ने कहा कि कांग्रेस, जजपा और आम आदमी पार्टी जनता का विश्वास खो चुकी है। इन पार्टियों के नेताओं में भी अविश्वास की भावना पैदा हो गई है, इसलिए वे अपने आपको असहज महसूस करते हैं।

उन्होंने कहा कि जजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और इनेलो के बड़े-बड़े नेताओं को लगने लगा है कि उनका वहां कोई भविष्य नहीं है तो वे अब भाजपा में शामिल हो रहे हैं।



**पंचकूला।** दूसरे दलों से आए नेताओं को भाजपा में शामिल करवाते सीएम।

### अनेक नेता भाजपा में शामिल

**पंचकूला।** चुनावी माहौल में जननायक जनता पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। मंगलवार को पंचकूला में जजपा के राष्ट्रीय सचिव अशोक शेरवाल, प्रदेश महासचिव कुसुम शेरवाल, अंबाला जिला अध्यक्ष हरपाल कंबोज ने जजपा छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सभी को भाजपा ज्वाइन कराई और पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके अलावा अन्य दलों के लोगों ने भाजपा ज्वाइन की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले सभी नेताओं को पूरा सम्मान मिलेगा। इस मौके पर भाजपा ज्वाइन करने वाले नेताओं ने भी सीएम नायब को भरोसा देते हुए कहा कि वे लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत के लिए पूरी मेहनत करेंगे। जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के राष्ट्रीय सचिव अशोक शेरवाल, प्रदेश महासचिव कुसुम शेरवाल, अंबाला जिला अध्यक्ष हरपाल कंबोज के अलावा पुष्पेंद्र कुमार लाटका, हरियाणा प्रदेश व्यापार सेल के चेयरमैन व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव सुशील कुमार गोयल, गोपाल मित्तल, अनिल गर्ग, संजीव गोयल, सतपाल गुप्ता, डॉ. हवा सिंह, सतपाल पवार, विजय सिंगला ने भाजपा में आस्था जताई है।

# मामी से अवैध संबंध के शक में भांजे की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव खोतपुरा के रकबे में स्थित मुर्गी फार्म में मामा ने भांजे को कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला। मामा को शक था कि भांजे की उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध है। इधर, हुडा सेक्टर 13-17 थाना के अतिरिक्त प्रभारी सुभाष कुमार ने बताया कि प्रकाश रैकवार पुत्र डिब्बू मूल रूप से रैकवार गांव, दमोह खास, मध्य प्रदेश का रहने वाला था। प्रीतम पुरुषोत्तम खोतपुरा गांव में संदीप संधु के मुर्गी फार्म पर काम करता था। उसने नूरवाला में किराए पर कमरा लिया था। छह माह पहले प्रीतम पुरुषोत्तम अपने भांजे प्रकाश को मध्यप्रदेश से लेकर आया था। उसने इसको भी फार्म पर नौकरी दिला दी। पिछले चार दिन से प्रीतम व प्रकाश के बीच लड़ाई झगड़ा चल रहा था। प्रीतम को शक था कि प्रकाश का उसकी मामी के साथ प्रेम संबंध है।

इस बात को लेकर प्रकाश व प्रीतम का मंगलवार रात को भी झगड़ा हुआ था। मालिक संदीप ने दोनों को समझाकर अलग अलग फार्म पर भेज दिया था। रात को प्रीतम कुल्हाड़ी लेकर प्रकाश के पास पहुंच गया। प्रीतम ने सो रहे प्रकाश पर कुल्हाड़ी से एक के बाद कई वार किए। इसमें उसकी मौत हो गई। प्रीतम फरार हो गया। जब सुबह संदीप फार्म पर आया तो उसने प्रकाश का शव खून से लथपथ हालत में देखा। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी।

### ई-रिक्शा में सवार मजदूर को गोली मारी

**पानीपत।** नूरवाला क्षेत्र की धमीजा कालोनी में ई रिक्शा सवार में दो लोगों पर एक युवक ने फायरिंग कर दी। वहीं गोलियां लगने से ई रिक्शा में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि हमलावर को भीड ने पकड लिया और जमकर पीटा। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस के अनुसार गोली लगने से घायल युवक की शिनाख्त विनोद मूल निवासी कैराना, जिला शामली, उत्तर प्रदेश हाल निवासी दीनानाथ कालोनी, पास ही स्थित भैंसवाल गांव स्थित एक वेस्ट के गोदाम में काम करता है। मंगलवार सुबह विनोद कॉलोनी के ही निवासी राकेश की ई रिक्शा में सवार होकर काम पर जाने लगा। इधर, रास्ते में राकेश को निकास मलिक उर्फ मूसा निवासी गांव उग्राखेडी ने रोक लिया और उसे गांव में छोड कर आने के लिए कहा। जबकि राकेश ने कहा कि उसकी ई-रिक्शा खराब है, वह इतनी दूर नहीं जा सकेगा। इस बात पर निकास मलिक तैश में आ गया और फायरिंग कर दी। गोली उसके साथ बैठे विनोद की छाती में आर पार हो गई। निकास मलिक उर्फ मूसा पेशेवर अपराधी है और उसके खिलाफ कई केस दर्ज है।

# होमगार्ड को ढाई लाख की रिश्वत लेते दबोचा

- झज्जर के छुछकवास पुलिस थाने में तैनात था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर/सोनीपत

हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने देर सांय जिला झज्जर के छुछकवास पुलिस थाने में तैनात होमगार्ड सतेंद्र को ढाई लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता तथा आरोपी दिसंबर 2023 से एक दूसरे के परिचित थे। फरवरी 2024 में आरोपी सत्येंद्र ने शिकायतकर्ता को बताया कि उसके मोबाइल नंबर से भिंडावास निवासी सुनीता के मोबाइल नंबर पर अश्लील मैसेज भेजे गए हैं और इस मामले में उसे पुलिस कार्रवाई का डर दिखाया गया। प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही न करने के लिए आरोपी ने शिकायतकर्ता से डेढ़ लाख रुपए की मांग की। बदनामी तथा पुलिस कार्यवाही के डर से शिकायतकर्ता ने आरोपी को डेढ़ लाख रुपए सौंप दिए। कुछ समय बाद आरोपी द्वारा मामला दबाने के लिए शिकायतकर्ता से पुनः रिश्वत की मांग की गई और शिकायतकर्ता ने 500000 की राशि का भुगतान कर दिया। आरोपी ने शिकायतकर्ता से 10 लाख रुपए की मांग की जिसमें से शिकायतकर्ता ने 800000 सत्येंद्र को सौंप दिए।

शिकायतकर्ता ने रोहतक एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम से संपर्क किया। आरोपी को पकड़ने के लिए योजना बनाई गई तथा उसे ढाई लाख की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।



**झज्जर।** आरोपी होमगार्ड एसीबी टीम के साथ।

### सोनीपत में जीएसटी इंस्पेक्टर रिश्वत लेता काबू

सोनीपत। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि जीएसटी विभाग सोनीपत में कार्यरत जीएसटी इंस्पेक्टर संदीप कुमार द्वारा शिकायतकर्ता की कंपनी का जीएसटी वेरिफिकेशन करने के बदले में 9000 की रिश्वत की मांग की जा रही है। तथ्यों की जांच पड़ताल की गई और आरोपी संदीप कुमार को 9 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

# लॉरेंस गैंग के दो शूटर मुठभेड़ में घायल, केस दर्ज

**खास बातें**

- सचिन बुकी की हत्या मामले थे दोनों वांछित
- बुलेट प्रूफ जैकेट से बची दो पुलिस अफसरों की जान
- मुठभेड़ के दौरान घायल शूटर अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह

नूंह के तावडू मार्ग पहाड़ में गांव सौंख की सीमा में सोमवार-मंगलवार की रात हरियाणा पुलिस और दिल्ली काउंटर इंटेलिजेंट टीम के संयुक्त ऑपरेशन में लॉरेंस गैंग के दो शूटरों से मुठभेड़ हो गई।दोनों शूटरों के पैरों में गोली लगी है। जिन्हें नलहड़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। इनकी पहचान विशाल उर्फ कालू पुत्र मांगेराम निवासी महावीर पुरा गुरुग्राम व रवि कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी नजफगढ़ दिल्ली के रूप में हुई है। करीब एक महीना पहले रोहतक के लाखन माजरा में गुरुग्राम के सचिन नाम के बुकी की हत्या का इन दोनों पर आरोप है। सोमवार देर रात गुप्त सूचना पर पुलिस की टीम ने नाकाबंदी कर इन्हें घेरा। मुठभेड़ के दौरान दोनों को गोली लगी। जबकि पुलिस टीम द्वारा बुलेट प्रूफ जैकेट पहनने के कारण जान बची है। नूंह सदर थाना पुलिस ने दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। एसटीएफ गुरुग्राम को सूचना मिली कि रोहतक लाखन माजरा में करीब एक माह पहले हुए गुरुग्राम के सचिन की हत्या में वांछित बदमाश विशाल उर्फ कालू व रवि कुमार पुत्र नरेश कुमार एक नूंह में के रिश्तेदारी पहुंचे हैं। जो कुछ देर पहले ही नूंह तावडू मार्ग रिपीटर नाका पल्ला पहाड़ी के पास देखे गए हैं। देर रात नूंह तावडू मार्ग पहाड़ में योजना के मुताबिक जाल बिछाया गया। हमलावर गोली लगने से घायल होकर नीचे गिर गए। दोनों घायलों को सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। जहां से उन्हें बाद में नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।




**नूंह।** अस्पताल में दाखिल दोनों शूटर। *फोटो : हरिभूमि*

### सलमान के घर फायरिंग में आया था विशाल का नाम

**नूंह।** सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दोनों आरोपी अपराधिक पृष्टभूमि से जुड़े हैं। जिन पर रेवाड़ी के थाना जाटूसाना, गुरुग्राम सेक्टर 14, गुरुग्राम सेक्टर 5, गुरूग्राम के बिलासपुर, बवाना दिल्ली, बाहरी दिल्ली, रोहतक के लाखन माजरा व राजस्थान के झुंझुनू पुलिस थानों में अवैध हथियार, हत्या, हत्या का प्रयास, चोरी, लूट - डकैती, सरकारी कार्य में बाधा, पुलिस टीम पर हमले आदि धाराओं के तहत करीब नौ मामले दर्ज हैं। रोहतक के लाखन माजरा थाना अंतर्गत एक होटल पर परिवार के सामने ही कुछ बदमाशों ने गुरुग्राम के एक कारोबारी सचिन की गोली चलाकर हत्या की थी। इसके संदर्भ में हत्या, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार अधिनियम आदि धाराओं के तहत थाना लाखन माजरा रोहतक में मुकदमा दर्ज किया गया। वारदात में संलिप्त शूटर विशाल उर्फ कालू और रवि कुमार की गिरफ्तारी होनी थी। जिनकी तलाश में उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर कई टीमें लगी हुई थी।

### राज्यपाल बंडारू ने सेवानिवृत हुए अफसरों को दी शुभकामनाएं

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की गरिमामय अध्यक्षता में राजभवन हरियाणा में उनके विशेष कार्यकारी अधिकारी बखविंदर सिंह, अवर सचिव रामप्रताप और हाउस बियरर कमल कुमार की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य पर विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बखविंदर सिंह द्वारा 37 वर्षों की समर्पित भाव से दी गई सेवाओं, राम प्रताप द्वारा 36 वर्षों तक दी गई सरकारी सेवाओं और कमल कुमार द्वारा समर्पित भाव से 23 वर्षों तक दी गई सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक मुबारकबाद एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने कहा कि आप सब केवल सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्ति को ही सेवानिवृत्ति न समझे बल्कि इसे अपने जीवन की एक नई शुरुआत समझकर जीवन भर समाज के लोगो से जुड़े रहकर समर्पित भाव से समाज सेवा करते रहे। अपने स्वास्थ का ध्यान रखे, किसी प्रकार की चिंता न करे, आनंद से रहे और भगवान पर भरोसा रखें। इस अवसर पर राज्यपाल एडीसी अमित यशवर्धन, संयुक्त सचिव अमरजीत सिंह, आईटी सलाहकार बी.ए भानूशंकर, सीडीएच जगननाथ बैंस सहित राजभवन के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।



# लाइब्रेरी के बाथरूम में छात्रा ने चुन्नी से लगाई फांसी

- परिजनों ने लाइब्रेरी के मालिक पर मामले में शामिल होने का लगाया आरोप

**तोशाम (भिवानी)।** (विष्णु दत्त शास्त्री)। मंगलवार दोपहर तोशाम स्थित एक लाइब्रेरी में पढ़ने आने वाली गांव भारीवास निवासी एक छात्रा ने लाइब्रेरी के बाथरूम में चुन्नी से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर परिजनों ने लाइब्रेरी के मालिक पर मामले में शामिल होने का आरोप लगाया है। मृतक छात्रा के फुफेरे भाई विकास कुमार ने बताया कि उसके मामा की लड़की तथा गांव भारीवास निवासी 23 वर्षीय छात्रा 10 महीनो से तोशाम के दृष्टि कोचिंग सेंटर की लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए आती थी। सूचना मिलते ही हम मौके पर पहुंचे तत्पश्चात लाइब्रेरी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो लाइब्रेरी के मालिक मोनू के ऑफिस में छात्रा गई है और उसके करीबन 5 मिनट बाद ऑफिस से बाहर निकली है। तत्पश्चात वह ऑफिस से निकलकर बाथरूम में गई है। इसके बाद मोनू बाथरूम का दरवाजा दो से तीन बार खट-खटाकर आया है। ऑफिस में छात्रा तथा मोनू के बीच कोई ना कोई कहा-सुनी हुई है जिससे मोनू को यह आभास था कि बाथरूम में कोई ना कोई हलचल हो रही है। इसी दौरान छात्रा ने सुसाइड किया है।

**शिक्षा जगत**

## प्रदेश में महेंद्रगढ़ जिले ने मारी बाजी, स्कूल बस हादसे के बाद हो रही थी किरकिरी

# जिस डीईओ पर उठ रहे थे सवाल, उसका जिला 12वीं परीक्षा परिणाम में टॉप आया

अधिकारियों ने डीईओ सुनील दत्त को मिठाई खिलाकर बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

ईद के दिन कनीना स्कूल बस हादसे में छह नन्हें बच्चों की जान चली गई थी। इस हादसे का शोर पूरे देश से सुना और प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति तक ने दुख प्रकट किया था। हादसे के बाद जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे थे।

अब जब हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने मंगलवार दोपहर 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया तो हरियाणा में महेंद्रगढ़ जिला टॉप रहा। इस जिला से 92.99 प्रतिशत परीक्षार्थी पास रहे है। हरियाणा भर में टॉपर बनने के बाद शायद डीईओ सुनील दत्त ने भी कुछ राहत की सांस ली होगी। परीक्षा परिणाम के बाद इसी खुशी को सांझा करने के लिए शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी वर्ग मंगलवार दोपहर डीईओ कार्यालय पहुंचे और जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त को मिठाई खिलाकर बधाई दी। जानकारी के मुताबिक सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) नियमित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 85.31 फीसदी व स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 65.32 फीसदी रहा है। सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) नियमित परीक्षा में 213504 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से 182136 उत्तीर्ण हुए और 6169 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस परीक्षा में 105993 प्रविष्ठ छात्राओं में से 93418 पास हुईं। इनकी पास प्रतिशतता 88.14 रही, जबकि 107511 छात्रों में से 88718 पास हुए। इनकी पास प्रतिशतता 82.52 रही। इस प्रकार छात्राओं ने छात्रों से 5.62 फीसदी ज्यादा पास प्रतिशतता दर्ज कर बढ़त हासिल की है। इस परीक्षा में राजकीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता 83.35 रही तथा प्राईवेट विद्यालयों की पास प्रतिशतता 88.12 रही है। इस परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 86.17 रही है, जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 83.53 रही है। पास प्रतिशतता 92.99 लेकर जिला महेन्द्रगढ़ टॉप रहा है। जिला नूंह का परीक्षा परिणाम 56.83 प्रतिशत रहा और हरियाणा के पायदान पर सबसे नीचे आ गया है। परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।



**नारनौल।** जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त को मिठाई खिलाते हुए।

### शिक्षकों का रहा सहयोग : डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने कहा कि हरियाणा में महेंद्रगढ़ जिला 12वीं परीक्षा परिणाम में टॉप रहा है। इसके पीछे शिक्षा विभाग के प्रत्येक शिक्षकों का सहयोग रहा है। उनकी मेहनत के बल पर ही हम इस मुकाम तक पहुंचे है। अब प्रयास रहेगा कि इस टॉप लिस्ट को हम अगले साल भी कायम रख सकें।

### पुनर्मूल्यांकन के लिए कर सकेंगे आवेदन

यह परिणाम संबंधित विद्यालयों/संस्थाओं द्वारा बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड द्वारा लॉगिन करते हुए डाऊनलोड भी किया जा सकेगा। कोई विद्यालय समय पर परिणाम प्राप्त नहीं करता है तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। इन परीक्षा परिणामों के आधार पर जो परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं की पुनः जांच अथवा पुनर्मूल्यांकन करवाना चाहते हैं तो वे निर्धारित शुल्क सहित परिणाम घोषित होने की तिथि से 20 दिन तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# फसल अवेशष जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए टीमों का गठन

- फसल अवशेष जलाते ही सेटेलाइट से ली गई तस्वीर किसान के पास भेजी जाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के सभी जिलों में फसल अवशेष को जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए कृषि विभाग ने गांव, खंड और जिला स्तर पर टीमों का गठन किया है। हरसेक द्वारा सेटेलाईट के फसल अवशेष में आगजनी पर नजर रखी जा रही है। इससे फसल अवशेष में आग लगाने वाले का तुरंत पता चल जाएगा, और जीपीएस लोकेशन किसान के पास भेजी जाएगी। फसल अवशेष में आग लगाने वाले के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

प्रवक्ता ने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों के मद्देनजर दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत आदेश पारित कर जिलों में तुरंत प्रभाव से रबी फसल की कटाई के बाद बचे अवशेष/भूसे को जलाने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। ये आदेश आगामी 25 जून, 2024 तक लागू किए गए हैं। कृषि, राजस्व और पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे किसानों को फसल अवशेष नहीं जलाने के बारे में जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि जारी आदेशानुसार कृषि विभाग ने फसल अवशेषों में आग लगाने की घटनाओं को रोकने के लिए टीमों का गठन किया गया है। इसके साथ ही किसानों से अपील की गई है कि वे गेहूं के फसल अवशेषों में आग न लगाकर कृषि यंत्रों की सहायता से फसल अवशेषों का प्रबन्धन करें, ताकि आगजनी से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। इसके साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सके तभी हमारा पर्यावरण स्वच्छ रह सकता है। प्रवक्ता ने बताया कि गेहूं फसल की कटाई के बाद बचे हुई अवशेष/भूसे को जलाने से उत्पन्न धुआं आसमान में चारों ओर फैल जाता है, जो आमजन के स्वास्थ्य के लिए घातक है। फसल अवशेषों में आगजनी होने पर मानव जीवन तथा संपत्ति को होने वाली हानि की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। फसल की कटाई के बाद बचे अवशेषों को जलाने से पशुओं के चारे की कमी होने की संभावना रहती है। वहीं, दूसरी ओर भूसे/फसल के अवशेष को जलाने से भूमि के मित्र कीट मर जाते हैं, जबकि उनका जिंदा रहना जरूरी है। मित्रकीटों के मर जाने से भूमि की उर्वरक शक्ति कम होने से फसल की पैदावार पर भी प्रभाव पड़ता है।



# भारत की सोने की मांग जनवरी-मार्च में उच्च कीमत के बावजूद आठ प्रतिशत बढ़ी

## जनवरी-मार्च तिमाही में बढ़कर 136.6 टन हो गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में सोने को लेकर प्यार जगजाहिर है। भारत की सोने की मांग और इंटरनेशनल कारणों से सोने की कीमत देश में 75,000 रुपए ऐतिहासिक लेवल को भी पार कर गई। हालांकि, उसके बाद 10 ग्राम सोने की कीमतों में करेक्शन आ रहा है। सोने के अपने उच्चतम स्तर पर रहने के बावजूद सोने की खरीदारी देश में कमी नहीं आई है। सोने का डेटा इसी तरफ इशारा कर रहा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के डेटा के मुताबिक गोल्ड की कीमतों के ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचने के बावजूद मजबूत आर्थिक माहौल के दम पर जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 136.6 टन हो गई है।

### सोने की कीमत पहुंची पीक पर

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सोने की खरीद से भी मांग में बढ़ोतरी हुई है। इस साल जनवरी-मार्च में भारत में सोने की मांग सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 75,470 करोड़ रुपए हो गई। इसका कारण क्वाटिटी में बढ़ोतरी के साथ-साथ तिमाही औसत कीमतों में 11 प्रतिशत की बढोतरी भी है।



### बढ़ी गोल्ड की डिमांड

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) ने सालना रिपोर्ट 'गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स क्यू1 2024' जारी की। इसके अनुसार भारत की कुल सोने की मांग, जिसमें गहने तथा निवेश दोनों शामिल हैं, इस साल जनवरी-मार्च में बढ़कर 136.6 टन हो गई। पिछले साल सामान पीरियड में ये डिमांड 126.3 टन थी। भारत में सोने की कुल मांग में से गहनों की मांग चार प्रतिशत बढ़कर 95.5 टन हो गई। कुल निवेश मांग (बार, क्वाइन आदि) 19 प्रतिशत बढ़कर 41.1 टन हो गई।

### गोल्ड में तेजी के बाद भी नहीं कम हुई डिमांड

डब्ल्यूजीसी के भारत में रीजनल सीईओ सचिन जैन ने कहा कि सोने की मांग में बढोतरी भारतीयों के सोने के साथ रिश्ते की गहराई के बारे में बताता है। भारत में मार्च में गोल्ड की कीमतें अपनी ऐतिहासक ऊंचाई पर पहुंच चुकी है लेकिन इसके बावजूद सोने की सेल में कमी नहीं आई है। जैन को उम्मीद है कि इस साल भारत में सोने की मांग 700-800 टन के आसपास रहेगी। उन्होंने कहा कि अगर कीमतों में तेजी जारी रहती है तो मांग इस सीमा के निचले स्तर पर हो सकती है। 2023 में देश में सोने की मांग 747.5 टन थी।

## सोने में 150 रुपये की गिरावट चांदी 750 रुपये फिसली

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट आने के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 150 रुपये की गिरावट के साथ 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 750 रुपये लुढ़ककर 83,750 रुपये प्रति किलो रह गयी। इससे पूर्व यह 84,500 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 150 रुपये कम है।

## आरएसपीएल वेलफेयर फाउंडेशन ने मनाया 'विश्व पृथ्वी दिवस'

**कानपुर।** पर्यावरण की सुरक्षा और निरंतरता के महत्त्व को समझते हुए आरएसपीएल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक वर्ष भिन्न - भिन्न विषयों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय था -वृक्षारोपण ताकि प्रकृति को हरा-भरा और साफ-सुथरा बनाया जा सके और इसके लिए गवर्नमेन्ट गर्ल्स कॉलेज, सेक्टर 52, गुरूग्राम को चुना गया। आरएसपीएल ग्रुप के अनेक कर्मचारियों तथा कॉलेज स्टाफ ने औषधीय पौधों वाले बोटनिकल गार्डन के उद्घाटन एवं वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। आरएसपीएल ग्रुप के अध्यक्ष सुशील बाजपेयी ने इस आयोजन में शामिल होकर उसकी भव्यता को बढ़ाया। आरएसपीएल वेलफेयर फाउंडेशन ने कॉलेज के लिए खेल सामग्री दान कर एक अभियान भी चलाया।

# कोर्ट ने रामदेव, बालकृष्ण, पतंजलि की सार्वजनिक माफी में 'उल्लेखनीय सुधार' की सराहना की

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित बिना शर्त सार्वजनिक माफी में ''उल्लेखनीय सुधार'' की मंगलवार को सराहना की। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानउल्लाह की पीठ ने रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की ओर से न्यायालय में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा कि माफी की भाषा ठीक है और उनमें नाम भी मौजूद हैं। न्यायमूर्ति अमानउल्लाह ने कहा, ''मैं नहीं जानता कि दूसरा माफीनामा किसकी पड़ताल पर है, इसमें उल्लेखनीय सुधार हुआ है।'' उन्होंने कहा, ''हम इसकी सराहना करते हैं। अब आखिरकार वे समझ गए।'' उन्होंने कहा कि इससे पहले जब माफी प्रकाशित की गई थी तब केवल कंपनी का नाम ही उसमें दिया गया था। न्यायमूर्ति अमानउल्लाह ने कहा, ''अब नाम भी छपे हैं। यह एक उल्लेखनीय सुधार है, हम इसकी सराहना करते हैं। भाषा भी ठीक है।''सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने औषधि कंपनी के वकील से पूछा कि समाचार पत्रों में प्रकाशित माफी को उन्होंने डिजिटल माध्यम से क्यों दाखिल किया, जबकि 23 अप्रैल को न्यायालय ने विशेष रूप से कहा था कि मूल प्रति दाखिल करनी है। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा, ''यह हमारे आदेश का अनुपालन नहीं है।'' न्यायमूर्ति अमानउल्लाह ने कहा, ''श्रीमान रोहतगी, लगता है मेरी बात आप तक नहीं पहुंच पाई..। हद हो गई।'' पीठ ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि पतंजलि के वकील ने स्वीकार किया है कि न्यायालय द्वारा पारित आदेश को समझने में गलतफहमी हुई और जिन समाचार पत्रों में माफीनामा प्रकाशित किया गया है, उनमें से प्रत्येक के मूल पृष्ठ दाखिल करने के लिए एक और अवसर दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, ''रजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि यह दस्तावेज दाखिल किये जाने पर उसे स्वीकार कर लिया जाए।'



### पतंजलि विज्ञापन मामला : न्यायालय ने उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण को फटकार लगाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से जुड़े भ्रामक विज्ञापनों के मामले में कार्रवाई न करने के लिए उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण को मंगलवार को फटकार लगायी। प्राधिकरण द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण पर असंतोष जताते हुए न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि ऐसा लगता है कि लाइसेंसिंग प्राधिकरण शीर्ष न्यायालय का 10 अप्रैल का आदेश मिलने के बाद ही कानून के अनुसार कार्रवाई करने के लिए सक्रिय हुआ। पीठ ने कहा, "अगर आप सहानुभूति और अनुकंपा चाहते हैं तो अदालत के प्रति ईमानदार रहें...।" न्यायालय ने कहा कि उसकी मुख्य चिंता यह है कि क्या लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई की।

# निफ्टी रिकॉर्ड स्तर से फिसला, दबाव में बाजार ने गंवाई बढ़त

एजेंसी ▶▶ मुंबई



वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और बिजली क्षेत्र के शेयरों में अंतिम दौर की बिकवाली होने से बाजार ने अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी और दोनों मानक सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स दो दिनों से तेजी का सिलसिला जारी नहीं रख पाया और 188.50 अंक गिरकर 74,482.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 440.11 अंक उछलानिफ्टी भी 38.55 अंक गिरकर 22,604.85 अंक पर बंद हुआ। दोपहर में निफ्टी 139.95 अंक की बढ़त के साथ 22,783.35 अंक के अपने रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर भी पहुंच गया था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, 'निफ्टी ने पूरे दिन में हासिल बढ़त कारोबार के आखिरी घंटे में गंवा दी। बेहद उतार-चढ़ाव भरे सत्र में बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ।'

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) CV- 4393899 (BABA SMADH) EICHER PRO 5025 BS IV HR47D5728- YOM- 2018 RESERVE PRICE - 637992/-

2) CV-4393904 (BABA SMADH) EICHER PRO 5025 BS IV HR47D4735- YOM- 2018 RESERVE PRICE - 637992/-

3) CV-4393827(BABA SMADH) EICHER PRO 5025 HR47D5117- YOM- 2018 RESERVE PRICE - 637992/-

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 15.05.2024 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOUD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS: FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001

OR

CONTACT: MR. GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. +91-9671300231 EMAIL Goverdhan.joshi@kotak.com

## 13 साल के भारतीय युवा ने खड़ी की 100 करोड़ की कंपनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उम्र सिर्फ एक आंकड़ा है। इस कथन को भारत के सबसे छोटे उद्यमी में सत्य साबित करके दिखाया है। जिस उम्र में बच्चे स्कूल जाते हैं और केवल पढ़ाई लिखाई के बारे में सोचते हैं उस उम्र में तिलक मेहता नाम के बच्चे ने 100 करोड़ रुपए की कंपनी खड़ी करके दिखा दिया। आज तिलक मेहता हर महीने कम से कम 2 करोड़ रुपए की कमाई कर रहे हैं। तिलक मेहता ने केवल 13 साल की उम्र में पेपर एंड पार्सल नाम की कंपनी बनाई है। उन्होंने इस कंपनी की शुरुआत साल 2018 में मुंबई शहर से की थी। कंपनी शुरू करने के लिए तिलक के पास ज्यादा पैसे नहीं थे, इस कारण उन्होंने अपने पिता से कुछ पैसे लेकर मुंबई के डिब्बे वालों को खुद के साथ जोड़ा। इसके बाद उनका बिजनेस चल पड़ा और आज उन्होंने 100 करोड़ से अधिक का कारोबार खड़ा कर दिया है।



- हर माह कम से कम दो करोड़ रुपए की कमाई कर रहे



## भारतीय एथलीटों और ईस्पोर्ट्स का जश्न: खेल और प्रौद्योगिकी का एकीकरण

**नई दिल्ली।** पहला ईस्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी कॉन्क्लेव-2024 29 अप्रैल से 1 मई 2024 तक जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेआईआईटी), नोएडा में आयोजित किया जा रहा है। भारतीय खेल उत्कृष्टता और ईस्पोर्ट्स के बढ़ते प्रभाव के जश्न में। 29 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे जेआईआईटी, नोएडा में एक भव्य कार्यक्रम हुआ। खेल और प्रौद्योगिकी की दुनिया की प्रतिष्ठित हस्तियों की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत में खेल और गेमिंग के भविष्य के बारे में प्रतियोगिताओं, चर्चाओं और अंतर्दृष्टि का एक रोमांचक सममेलन होने का वादा किया गया। इस कार्यक्रम में आठ शानदार एथलीट सक्षम रतन, मोइन एजाज, हेमंत कृष्ण कोमू, कृष नितिन गुप्ता, विशाल प्रदीप वर्नेकर, केतन सुनील गोयल, मयंक प्रजापति और तीर्थ हिरेन मेहता ने भाग लिया, जिन्होंने न केवल भारत का प्रतिनिधित्व किया, बल्कि एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का परचम लहराया। उनकी उपलब्धियां वैश्विक खेलों में भारत की बढ़ती उपस्थिति का प्रमाण हैं। इस कार्यक्रम में एशियाई ईस्पोर्ट्स फेडरेशन के उपाध्यक्ष और भारतीय ईस्पोर्ट्स फेडरेशन के निदेशक श्री लोकेश सूजी भी मौजूद थे। ईस्पोर्ट्स क्षेत्र की प्रमुख हस्ती श्री सूजी ने भारत में ईस्पोर्ट्स के भविष्य के बारे में अपने विचार और दृष्टिकोण साझा किए।

# जीडीपी 2024-25 में 7% से अधिक रहने की उम्मीद

- एनसीएईआर ने कहा, अच्छे मानसून की संभावना के चलते चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था को मिलेगा बूस्ट

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर ने कहा है कि बेहतर वैश्विक परिदृश्य और सामान्य से अच्छे मानसून की संभावना के चलते चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत से अधिक बढ़ सकती है। 'नेशनल काउंसिल फॉर एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च' (एनसीएईआर) (एनसीएईआर) ने मासिक आर्थिक समीक्षा (एमईआर) के अप्रैल 2024 अंक में कहा कि जीएसटी संग्रह, पीएमआई, बिजली खपत, मालु ढलाई जैसे उच्च आवृत्ति वाले संकेतक घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहे हैं। इसमें विनिर्माण के लिए क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) 16 साल के उच्च स्तर पर है और डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई के जरिए लेनदेन भी उच्चतम स्तर पर है। एनसीएईआर की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा, 'वैश्विक वृद्धि और व्यापार की मात्रा, दोनों में अनुमानित तेजी के साथ ही सामान्य से अच्छे मानसून के पूर्वानुमान से यह संकेत मिलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष के सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल कर सकती है।' एनसीएईआर के अनुसार, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मार्च में 1.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो 2017 में इसके लागू होने के बाद से दूसरा सबसे अच्छा संग्रह है। यूपीआई ने मार्च 2024 में 13.4 अरब लेनदेन (मात्रा में) दर्ज किए, जो इसके लागू होने के बाद से सबसे अधिक है। इन उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ ही आईएमएफ और डब्ल्यूटीओ के अनुसार बेहतर वैश्विक परिदृश्य के चलते चालू वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत हैं।''

**Horticulture Department, Haryana**

Integrated Horticulture Development Centre, Sundrah, (Mahendragarh)

Email:- ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह जिला महेन्द्रगढ़ में स्थित बाग के सरप्लस फलों की खुली नीलामी दिनांक 07.05.2024 को प्रातः 12:00 बजे केन्द्र परिसर में करवाई जाएगी। नीलामी में भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं को 10000/- (दस हजार रूपए केवल) धरोहर राशी के रूप मे नकद जमा करवाने होगे। सभी बोलीदाताओं को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। प्रथम सफल बोलीदाता की धरोहर राशी कुल बोली छुटने की प्रथम किस्त की राशी में समायोजित कर दी जाएगी व असफल बोलीदाताओं की धरोहर राशी बोली समाप्त होने के उपरांत वापिस कर दी जाएगी। अन्य नियम व शर्तें बोलीदाताओं को मौके पर ही बता दी जाएंगी। नीलामी के लिए बोलीदाता केन्द्र पर फलदार पेड़ों का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 09:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह (9728714706) पर संपर्क किया जा सकता है।

केन्द्र के फलदार पेड़ों का विवरण निम्न प्रकार से है-

| क्र. सं. | फलदार पौधों का नाम | पौधों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | किन्नु | 41 |
| 2 | माल्टा | 56 |
| 3 | बेर | 25 |

हस्ता/-
परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच-1149/11/596/2025/26213/88/6 दि. 30.04.24

## राशिफल

**मेष** मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

**तुला** नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु** नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**जॉब**

☞ सुनहरा मौका वनविभाग ने निकाली सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10000 पदों पर) पद - वनरक्षक, क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी- 25670+35850/- आवेदन -10+12TH पास लड़के लड़कियां आवेदन हेतु- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो,मार्कसीट व्हाट्सएप /कॉल करें - 9046968782

## भारत में दुर्लभ किस्म की सर्जरी: स्तन कैंसर से पीड़ित दो महिला मरीजों का सफल इलाज

**नई दिल्ली।** मेडिकल फील्ड में हुई प्रगति का परिचय देते हुए, सीके बिड़ला हॉस्पीटल, दिल्ली ने जटिल और एडवांस ब्रैस्ट कैंसर से पीड़ति दो महिला मरीजों का रोबोटिक-एसिस्टेड ब्रैस्ट प्रीजर्वेशन सर्जरी की मदद से सफल उपचार किया है। भारत में यह दुर्लभ किस्म की सर्जरी हुई हैजहाँ कैंसर मरीजों के स्तनों और निप्पल सेंसेशन को सुरक्षित रखने के लिए इस अनूठी तकनीक की मदद ली गई। डॉ मनदीप सिंह मलहोत्रा, डायरेक्टर ऑफ सर्जिकल ओंकोलॉजी, सीके बिड़ला हॉस्पीटल, दिल्ली ने दा-विंची रोबोट की मदद से मिनीमली इनवेसिव सर्जिकल तकनीक रोबोट-एसिस्टेड फंक्शन ब्रैस्ट प्रीजर्वेशन सर्जरी को अंजाम दिया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती 27 वर्षीय महिला को प्रसव के कुछ ही महीनों बाद स्तन में गांठ महसूस हुई थी। लेकिन वह अपनी तकलीफ को इग्नोरकरती रहीं और उन लक्षणों की भी अनदेखा करती रहीं थीं, जो प्रेग्नेंसी और स्तनपान के दौरान स्तन में बदलाव के रूप में सामने आते हैं। इस बीच, उनका स्तन कैंसर धीरे-धीरे बढ़कर एडवांस स्टेज में पहुंच गया।


**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NITNO99EPC-D-99/PD &C DATED 27.12.2023 | शुद्धिपत्र सं. 5/बोलियां ऑनलाइन जमा करवाने की तिथि में विस्तार 13.05.2024 तक 17:00 बजे तक और 26.04.2024. | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/40/26215/I/88/6 दि. 30.04.24


## शब्द पहेली - 5498



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -5497 का हल





## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
**500 रन**
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



जसप्रीत बुमराह
**14 विकेट**
मुंबई

# आईपीएल : कोहली ने 7वीं बार एक सीजन में बनाए 500 से अधिक रन

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने विश्व क्रिकेट में अपना बड़ा नाम किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी उनका बल्ला खूब चला है। वह इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने भारत की इस फ्रेंचाइजी लीग में कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। कोहली ने 7 बार किसी एक सीजन में 500 से अधिक रन बनाए हैं।

### आईपीएल 2024 में पूरे किए 500 रन

कोहली इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान ने आईपीएल 2024 में भी अपने 500 रन पूरे किए और वह इस सीजन में ये आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने इस सीजन में 10 मैचों में ही ये आंकड़ा छू लिया। कोहली इस सीजन में 1 शतक और 4 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नाबाद 113 रन की पारी खेली थी।



**2011 में** 16 मैचों में 46.41 की औसत और 121.08 की स्ट्राइक रेट से 557 रन बनाए थे।
**2013 में** 16 मैचों में 138.73 की स्ट्राइक रेट से 634 रन बनाए थे।
**2015 में** 16 मैचों में 45.9 की औसत और 130.82 की स्ट्राइक रेट से 505 रन बनाए थे।
**2016 में** 16 मैचों में 81.08 की औसत और 152.03 की स्ट्राइक रेट से रिकॉर्ड 973 रन बनाए थे।
**2018 में** 14 मैचों में 139.10 की स्ट्राइक रेट के साथ 530 रन बनाए थे।
**2023 में** 14 मैचों में 53.25 की औसत और 139.82 की स्ट्राइक रेट के साथ 639 रन बनाए थे।



## आईपीएल में किसी एक मैदान पर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 47वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नरेन ने गेंदबाजी में अहम उपलब्ध हासिल की है। नरेन ने ईडन गार्डन स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में 24 रन देते हुए 1 विकेट चटकाया। इसके साथ ही वह आईपीएल के इतिहास में किसी एक मैदान पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

**नरेन ने ईडन गार्डन में लिए 69 विकेट**
आईपीएल में नरेन ने ईडन गार्डन में 58 मैचों में 19.94 की औसत और 6.32 की इकॉनमी रेट के साथ 69 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने लसिथ मलिंगा का रिकॉर्ड तोड़ा है। बता दें कि इस लीग में एमआई का प्रतिनिधित्व कर चुके मलिंगा ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 43 मैचों में 68 विकेट लिए थे। इस सूची में अमित मिश्रा अरुण जेटली स्टेडियम में 58 विकेट ले चुके हैं।

**पांच विकेट हॉल में लेने वाले इकलौते गेंदबाज हैं नरेन**
नरेन ने केकेआर की ओर से खेलते हुए आईपीएल 2012 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के खिलाफ मैच में 19 रन देते हुए 5 विकेट लिए थे। यह इस ऐतिहासिक मैदान पर आईपीएल में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## खबर संक्षेप



### नडाल ने केचिन को हराया, स्वियातेक महिला क्वार्टर फाइनल में

**मैड्रिड।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में तीन घंटे से अधिक चले कड़े मुकाबले में पेड्रो केचिन को तीन सेट में शिकस्त दी।
नडाल ने दुनिया के 91वें नंबर के खिलाड़ी केचिन को पुरुष एकल मुकाबले में 6-1, 6-7, 6-3 से हराया। पांच बार के चैंपियन नडाल ने इस जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल अगले दौर में 31वें नंबर के खिलाड़ी जिरी लेहेका से भिड़ेंगे। शीर्ष वरीय यानिक सिनर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाने के बावजूद पावेल कोतोव को 6-2, 7-5 से हराने में सफल रहे। वह प्री क्वार्टर फाइनल में 16वें वरीय कारेन खचानोव से भिड़ेंगे।



### रॉबर्ट लेवानदोवस्की की हैट्रिक से बार्सीलोना ने वेलेंसिया को हराया

**बार्सीलोना।** बार्सीलोना ने दूसरे हाफ में रॉबर्ट लेवानदोवस्की की हैट्रिक की बदौलत पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में वेलेंसिया को 4-2 से हराया। बार्सीलोना ने गेंद को अपने कब्जे में लेने के मामले में दबदबा बनाया लेकिन पहले हाफ में रक्षापंक्ति की दो गलतियों के कारण मध्यांतर के समय 1-2 से पीछे थी।

### सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप आज से कोलकाता में


**कोलकाता।** सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के 28वें सत्र का अंतिम दौर आज बुधवार से यहां खेला जाएगा। अंतिम दौर के लिए बारह टीमों को छह-छह टीम के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप में टीमें राउंड रोबिन प्रारूप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। अंतिम दौर का ग्रुप चरण 11 मई को समाप्त होगा। सेमीफाइनल 13 मई को खेले जाएंगे जबकि फाइनल 15 मई को होगा।

## मुंबई को 4 विकेट से हराया, मोहसिन ने झटके 2 विकेट

# स्टोइनिस-गेंदबाजों ने प्लेआफ के लिए लखनऊ का दावा किया पुख्ता

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

मार्कस स्टोइनिस के अर्धशतक और अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हरा दिया। पहले गेंदबाजों ने मुंबई को सात विकेट पर 144 रन पर रोक दिया । इसके बाद स्टोइनिस की 45 गेंद में 62 रन की पारी के दम पर लखनऊ ने चार गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। स्टोइनिस ने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाये। लखनऊ अब दस मैचों में छठी जीत के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं मुंबई की यह दस मैचों में सातवीं हार थी। लखनऊ की शुरूआत खराब रही और नुवान तुषारा ने चौथी की गेंद पर इंपैक्ट खिलाड़ी अर्शिन कुलकर्णी को आउट कर दिया। आईपीएल में पदार्पण मैच में वह खाता भी नहीं खोल सके। स्टोइनिस ने गेराल्ड कोएत्जी को लगातार दो चौके लगाये और उनके पहले ओवर में 15 रन निकाले। केएल राहुल ने तुषारा को तीन चौके और एक छक्का जड़कर 20 रन निकाले। वह 22 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए।



हार्दिक पंड्या ने राहुल को पवेलियन भेजा जिनका कैच सीमारेखा के पास मोहम्मद नबी ने लपका। स्टोइनिस ने दीपक हुड्डा (18) के साथ 35 गेंद में 40 रन की साझेदारी करके लखनऊ को सौ रन के पास पहुंचाया। हुड्डा को भी हार्दिक ने आउट किया लेकिन स्टोइनिस ने 14वें ओवर में 39 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। कोएत्जी ने एश्टोन टर्नर को आउट किया जबकि आयुष बडोनी रन आउट हो गए। निकोलस पूरन (नाबाद 14) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई मुंबई ने पावरप्ले के भीतर ही चार विकेट गंवा दिये। निहाल वढेरा (46) और ईशान किशन (32) पांचवें विकेट के लिये 53 रन की साझेदारी करके भी टीम को बड़ा स्कोर नहीं दे सके।

**मुंबई-144/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ईशान का यादव बो बिश्नोई | 32 |
| रोहित का स्टोइनिस बो मोहसिन | 4 |
| सूर्यकुमार का राहुल बो स्टोइनिस | 10 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 7 |
| पंड्या का राहुल बो नवीनुल हक | 0 |
| निहाल वढेरा बो मोहसिन | 46 |
| टिम डेविड नाबाद | 35 |
| मोहम्मद नबी बो यादव | 1 |
| गेराल्ड कोएत्जी नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : आठ रन
कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 144 रन
गेंदबाजी: स्टोइनिस 3-0-19-1, मोहसिन 4-0-36-2, नवीनुल 3.5-0-15-1, मयंक 3.1-0-31-1, बिश्नोई 4-0-28-1, हुड्डा 2-0-13-0

**लखनऊ-145/6 (19.2)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| केएल राहुल का नबी बो पंड्या | 28 |
| अर्शिन पगबाधा बो तुषारा | 0 |
| मार्कस का वर्मा बो नबी | 62 |
| दीपक हुड्डा का बुमराह बो पंड्या | 18 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 14 |
| एश्टोन टर्नर बो कोएत्जी | 5 |
| आयुष बडोनी रन आउट | 6 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : 11 रन
कुल योग : 19 . 2 ओवर में छह विकेट पर 145 रन
गेंदबाजी: तुषारा 4-0-30-1, बुमराह 4-0-17-0, कोएत्जी 3-0-29-1, चावला 3-0-23-0, पंड्या 4-0-26-2, नबी 1.2-0-16-1



### आज होगी चेन्नई और पंजाब किंग्स में भिड़ंत

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 49वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स के सामने पंजाब किंग्स की चुनौती होगी। ये मुकाबला 1 मई को एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। बता दें कि इस सीजन पहली बार दोनों टीमों के बीच भिड़ंत होगी। आईपीएल आईपीएल 2024 में अब तक सीएसके ने 5 मैच जीते हैं और 4 में शिकस्त झेली है। पंजाब किंग्स की टीम ने निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 3 मैच जीते हैं और 6 में हार का सामना किया है। इस मैच में सीएसके जहां जीत का परचम लहराते हुए अपनी जीत की लिस्ट में एक और जीत जोड़ने बेकरार है वहीं पंजाब किंग्स लगातार हार का सामना करने के बाद किसी भी हालत में यह मैच जीतकर अपने खिलाड़ियों और प्रशंसकों में जोश भरना चाहेगी। यह मैच आज बुधवार 1 मई को चेन्नई के एम चिदंबरम क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।

# वर्ल्ड कप विजेता इंग्लैंड की कमान संभालेंगे बटलर

**टी-20 विश्व कप 2024 : जोफ्रा आर्चर की हुई वापसी**

एजेंसी ▸▸ दुबई

इस साल टी-20 विश्व कप 2024 आगामी जून में वेस्टइंडीज और यूएसए में संयुक्त रूप से खेला जाना है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम की घोषणा की है। जोस बटलर के नेतृत्व वाली 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। इसके अलावा विल जैक्स और फिल सॉल्ट, टॉम हार्टले भी अपनी जगह बनाने में सफल हुए हैं। गत विजेता इंग्लिश टीम अपने अभियान की शुरुआत 4 जून को स्कॉटलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ करेगी। इंग्लिश टीम में ज्यादातर खिलाड़ी पिछले विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं। आईपीएल प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे इंग्लिश खिलाड़ी। इंग्लैंड को विश्व कप से ठीक पहले अपने घर पर पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलनी है।



**ऐसी है इंग्लैंड की टीम**

विश्व कप के लिए इंग्लिश टीमः जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), फिल सॉल्ट, विल जैक्स, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), हैरी ब्रुक, लियाम लिविंगस्टोन, मोईन अली, सैम कर्रन, जोफ्रा आर्चर, क्रिस जॉर्डन, मार्क वुड, रीस टॉपले, आदिल राशिद, टॉम हार्टले और बेन डकेट।

## टी-20 विश्व कप में मार्करम करेंगे द.अफ्रीकी की कप्तानी



**दुबई।** टी-20 विश्व कप 2024 के लिए दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने एडेन मार्करम की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है, जिसमें कगिसो रबाडा और क्विंटन डिकॉक जैसे प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं। दिलचस्प रूप से बोर्ड ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर किए जा चुके क्विंटन डिकॉक और नोर्खिया को टीम में जगह दी है। डिकॉक ने विश्व कप 2023 के बाद से वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। नोर्खिया की बात करें तो वह आखिरी बार सितंबर 2023 में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। इसके अलावा नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी को रिजर्व खिलाड़ियों के रूप में नामित किया है। तेम्बा बावुमा को टीम में नहीं चुना गया है। विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की टीम अपने अभियान की शुरुआत 3 जून को श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ मुकाबले के साथ करेगी।

**द.अफ्रीकी टीम**

दक्षिण अफ्रीकी टीमः एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को येंसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्खिया, कगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अनकैप्ड रयान रिकेल्टन और ओटनील बार्टमैन को भी विश्व कप की टीम में जगह मिली है।

## विश्वनाथ, आकाश और प्रीत एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेफा में

एजेंसी ▸▸ अस्ताना (कजाखस्तान)

विश्वनाथ सुरेश, आकाश गोरखा और प्रीत मलिक ने मंगलवार को यहां अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई।

गत युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने एकतरफा क्वार्टर फाइनल में ईरान के हसानी सेयेदर्शम को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। सीनियर राष्ट्रीच चैंपियन आकाश (60 किग्रा) ने भी ईरान के ही इबादी अरमान को 5-0 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। प्रीत (67 किग्रा) को भी वियतनाम के एनगुएन डु एनगोक के खिलाफ जीत दर्ज करने के दौरान



अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा और रैफरी ने पहले दौर में भी मुकाबला रोककर उन्हें विजेता घोषित कर दिया। कुणाल (75 किग्रा) हालांकि क्वार्टर फाइनल में ईरान के महशारी मोहम्मद के खिलाफ 0-5 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। अंडर-22 सेमीफाइनल शनिवार को खेले जाएंगे।

**अन्य मुकाबले के ऐसे रहे परिणाम**

सोमवार की रात, राहुल कुंडू (75 किग्रा), लक्ष्य राठी (+92 किग्रा), लक्ष्मी (50 किग्रा), तमन्ना (54 किग्रा), यात्री पटेल (57 किग्रा) और सृष्टि साठे (63 किग्रा) ने युवा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 24 से अधिक देशों के लगभग 400 मुक्केबाज 25 भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। युवा और अंडर-22 वर्ग के फाइनल क्रमशः छह और सात मई को होंगे।

## राधा-हेमलता के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम 19 रन से जीती

सिलहट (बांग्लादेश)। बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव और डी हेमलता के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्षाबाधित दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 19 रन से हरा दिया। राधा के तीन विकेट की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी चुनने वाली मेजबान टीम को 119 रन पर समेट दिया। राधा ने 19 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि दीप्ति शर्मा और श्रेयांका पाटिल को दो दो विकेट मिले । बांग्लादेश के लिये सलामी बल्लेबाज मुर्शिदा खातून ने सर्वाधिक 46 रन बनाये। भारत की ओर से आठवें ओवर में आई राधा ने बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना और फाहिमा खातून को लगातार दो गेंदों पर चलता किया। वह हालांकि हैट्रिक नहीं लगा सकी और सुल्ताना खातून ने उन्हें चौका जड़ा। दीप्ति ने रितु मोनी को दूसरा शिकार बनाया जबकि राधा ने राबिया खान को आउट किया।

**बारिश के कारण लागू हुई डकवर्थ लुईस प्रणाली**

जवाब में भारत ने शेफाली वर्मा (0) का विकेट जल्दी गंवा दिया। इसके बाद हेमलता ने 24 गेंद में 41 रन बनाये और भारत ने 5.2 ओवर में एक विकेट पर 47 रन बना लिये थे जब दोबारा बारिश शुरू हो गई। हेमलता ने अपनी नाबाद पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़े। उस समय भारत डकवर्थ लुईस प्रणाली से 19 रन आगे था और बारिश के कारण आगे का खेल नहीं होने पर भारत को विजयी घोषित किया गया। भारत अब पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है।

**चीन ने उबेर कप में भारतीय महिला टीम को 5-0 से हराया:** चेंगदू (चीन)। युवा सनसनी अनमोल खरब को टखने में चोट के कारण आंखों में आंसुओं के साथ कोर्ट से हटना पड़ा जबकि भारत की कमजोर महिला टीम को मंगलवार को यहां उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में चीन ने 5-0 से रौंद दिया। कनाडा और सिंगापुर के खिलाफ लगातार मुकाबलों में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके भारत ने अश्मिता चालिहा को 15 बार की चैंपियन टीम के खिलाफ मुकाबले में नहीं उतारा।

**आईपीएल के माही ने रचा एक और इतिहास**

# सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में टॉप पर धोनी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 46वें मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रन से हरा दिया। इसीके साथ टीम ने अपनी खोई हुई लय भी प्राप्त कर ली है। यह जीत सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के लिए काफी अहम थी। वह आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।



**महेंद्र सिंह धोनी-150 मुकाबले**

धोनी आईपीएल के इतिहास में पहले खिलाड़ी बने, जो 150 मैच जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। साल 2008 में धोनी पहली बार सीएसके की टीम का हिस्सा बने थे और वह टीम के कप्तान भी थे। उनकी कप्तानी में सीएसके ने 5 बार ट्रॉफी अपने नाम की है और फ्रेंचाइजी 5 बार फाइनल तक भी पहुंची है। धोनी ने 135 मैच सीएसके के साथ और 15 मैच राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के साथ जीते हैं।



**रविंद्र जडेजा- 139 मैच**

सीएसके के रविंद्र जडेजा सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर हैं। जडेजा ने अपना पहला सीजन राजस्थान रॉयल्स के लिए साल 2008 में खेला था। उस सीजन आरआर ने ट्रॉफी अपने नाम की थी। सीएसके के साथ इस खिलाड़ी ने 3 बार आईपीएल की ट्रॉफी जीती है। जडेजा गुजरात लायंस और कोच्ची के लिए भी खेल चुके हैं। जीते हुए मैच में उन्होंने 1,183 रन बनाए हैं और इसके साथ 112 विकेट भी झटके हैं।

**रोहित शर्मा-133 मैच**

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। वह साल 2009 के सीजन में हैदराबाद की टीम के साथ ट्रॉफी जीत चुके हैं। इसके अलावा यह खिलाड़ी एमआई को भी अपनी कप्तानी में 5 बार साल 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में ट्रॉफी दिला चुका है। रोहित ने जीते हुए मैच में 38.03 की औसत से 3,918 रन बनाए हैं।

**दिनेश कार्तिक- 125 मैच**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक आईपीएल में 125 मैच जीतने वाली टीम के सदस्य रहे हैं। हाल ही में वह रोहित और धोनी के बाद 250 आईपीएल मुकाबले खेलने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बने थे। जीते हुए मुकाबले में इस खिलाड़ी ने 2,219 रन बनाए हैं। कार्तिक पहले ही कह चुके हैं कि आईपीएल 2024 उनके आखिरी सीजन होगा। आईपीएल 2024 में इस खिलाड़ी ने 10 मैच में 371 रन बनाए हैं।

**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
IRCTC
LiFE Lifestyle for Environment

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:–

1. **खुली ई–निविदा (दो निविदा प्रणाली)** – निम्नलिखित टूर पैकेजों के लिए ऑफबोर्ड सेवाओं का प्रावधान: (क) "चार धाम एवं दो धाम यात्रा एक्स दिल्ली एवं एक्स हरिद्वार" (ख) "लेह–लद्दाख एयर पैकेज" (ग) "कश्मीर एयर पैकेज"। प्री–बिड मीटिंग: (क) के लिए: 02.05.2024 को 11:00 बजे (ख) के लिए: 13:00 बजे एवं (ग) के लिए: 15:00 बजे। जमा करने की अंतिम तिथि: 08.05.2024 को 15:00 बजे। ई–मेल: monika.shankar@irctc.com
2. **खुली ई–निविदा** – रेल नीर प्लांट, एनटीपीसी परिसर, सिम्हाद्री, नजदीक विशाखापटनम (ए.पी.) में 11/0.433 केवी, 500 केवीए कॉम्पैक्ट सेकेंडरी सबस्टेशन की आपूर्ति, संस्थापन, कमीशनिंग एवं कनेक्शन। जमा करने की अंतिम तिथि: 08.05.2024 को 15:00 बजे।
3. **खुली ई–निविदा सीओ/एनआईटी/एफपी–एफएफयू/2024/02** – फूड प्लाजा एवं फास्ट फूड यूनिटों की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22.05.2024 को 15:00 बजे है एवं इन्हें 22.05.2024 को 15:15 बजे खोला जाएगा। ई–मेल: mobilecatg.tend@irctc.com

विस्तृत विवरणों के लिए www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC एवं www.eprocure.gov.in/cppp को देखें। दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।
शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हुआ तो उसे केवल www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC एवं www.eprocure.gov.in/cppp पर प्रकाशित किया जाएगा।
ecatering.irctc.co.in
कार्यालय पता: आईआरसीटीसी, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, कनाट प्लेस, नई दिल्ली–110001; फोन: 011–23311263/64; फैक्स: 011–23311259

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| गाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तारित अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 09617 | रेवाड़ी जं. – रोहतक जं. अनारक्षित स्पेशल | प्रतिदिन | 30.04.2024 | 01.05.2024 से 31.05.2024 (31 फेरे) |
| 09618 | रोहतक जं. – रेवाड़ी जं. अनारक्षित स्पेशल | प्रतिदिन | 01.05.2024 | 02.05.2024 से 01.06.2024 (31 फेरे) |

नोट : शेष पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।
पर हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1300/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# सभी वैक्सीन सुरक्षित हों जीवन से न हो खिलवाड़

कोरोना का टीका कोविशील्ड की निर्माता ब्रिटिश फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का साइड इफेक्ट को लेकर कबूलनामा डराने वाली है। विश्व भर में ढाई अरब डोज कोविशील्ड टीके की दी गई, भारत में करीब 1.7 अरब डोज दी गई। कोरोना के विभिन्न टीके लगने के बाद विश्व के विभिन्न हिस्से से अचानक मौत की खबरें आती रहती हैं, लेकिन किसी भी मेडिकल बॉडी ने घोषित तौर पर यह नहीं कहा है कि ऐसे मौतें कोविड टीके के साइड इफेक्ट के चलते हुई हैं। अब कोविशील्ड टीका बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटिश अदालत में खुद स्वीकार किया है कि उसका कोविड टीका रक्त के थक्के (ब्लड क्लॉटिंग) जमाने संबंधी दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि कोविड-19 से बचाव के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा ईजाद किया गया टीका ''बहुत दुर्लभ मामलों में'' रक्त के थक्के जमा सकता है और प्लेटलेट की संख्या (टीटीएस) को घटा सकता है। टीटीएस के परिणाम संभवतः जानलेवा हैं, जिनमें दिल का दौरा पड़ना, मस्तिष्क को नुकसान पहुंचना, फेफड़े में रक्त प्रवाह बाधित होना आदि शामिल हैं। एस्ट्राजेनेका वैक्सजेव्रिया टीके का उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने भी किया था और इस टीके को भारत में 'कोविशील्ड' नाम से लोगों को लगाया गया था। यूं तो मॉडर्न मेडिसिन के साइड इफेक्ट्स जगजाहिर हैं, लेकिन ये नियंत्रित और अल्प हैं, इनमें जीवन रक्षक की अधिक खूबिया हैं। लेकिन टीके के मामले में अधिक गंभीरता की आवश्यकता है। टीका बचाव के लिए स्वस्थ आदमी को भी लगता है, इसलिए इसके सुरक्षित होने की गारंटी जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नियमों के मुताबिक एक टीका के विकास, ट्रायल, अध्ययन आदि के लिए औसतन दस वर्ष निर्धारित हैं, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान कोविड टीके को जिस जल्दबाजी में डब्ल्यूएचओ और विश्व की केंद्रीय सरकारों व ड्रग नियामकों ने मंजूरी दी, वह अपने आप में सवाल है। कोविड से पहले जीका, इबोला समेत दो सौ से अधिक वायरस सामने आए हैं, जिसने विश्व के अलग-अलग क्षेत्र में तबाही मचाई, लेकिन इन वायरसों के टीके के लिए फार्मा कंपनियां, डब्ल्यूएचओ और सरकारों ने तत्परता नहीं दिखाई, जबकि कोविड के दौरान दिखाई। स्पेनिश फ्लू के मामले एक शताब्दी पहले आ चुके, इसके बावजूद वायरस के टीके नहीं बनाए। कोविड के टीके महामारी के दौरान ही आ गए। कोविड टीके के लिए ट्रायल के नियमों में संशोधन तक किया गया। बेशक कोविड टीके के चलते करोड़ों लोगों की जान बची हो, लेकिन इसके दुष्प्रभाव के चलते अगर सौकड़ों लोगों की ही जिंदगी खतरे में है, तो भी यह मानवता के प्रति अपराध ही है। इसलिए दवा निर्माण को नियंत्रित करने वाले सभी नियामकों –सरकार, ड्रग कानून, डब्ल्यूएचओ को अधिक जिम्मेदार बनने की आवश्यकता है। टीका बनाने वाले वैज्ञानिकों व फार्मा कंपनियों को अधिक जवाबदेह बनने की जरूरत है। आखिर मानव जीवन का सवाल है। किसी भी रोग की कोई भी दवा बनती है, तो इसको मंजूरी देने से पूर्व के सभी स्तर पर और भी कड़े मानकों का पालन किया जाना चाहिए। आज विश्व में अनेक दवाएं हैं, जिनके साइड इफेक्ट्स हैं। ऐसी दवाओं से निजात पाने की आवश्यकता है। मुनाफे के लिए मानव जीवन को खतरे में नहीं डाला जा सकता है। कोविड टीटा लग जाने के बाद अब दुष्प्रभाव का सरकारी स्तर पर अध्ययन होना चाहिए, ताकि प्रभावित लोगों को सुरक्षित किया जा सके। सभी वैक्सीन सुरक्षित होनी चाहिए। फार्मा उद्योग को अधिक नैतिक बनने की जरूरत है। किसी के जीवन से खिलवाड़ नहीं होनी चाहिए।

## विश्व मजदूर दिवस

योगेश कुमार गोयल



# आज भी हाशिये पर श्रमिक

उद्योग, व्यापार, भवन निर्माण, पुल, सड़कों का निर्माण, कृषि इत्यादि समस्त क्रियाकलापों में श्रमिकों के श्रम का महत्वपूर्ण योगदान होता है और वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। सही मायनों में विश्व की उन्नति का दारोमदार इसी वर्ग के कंधों पर होता है। समाज के इसी वर्ग के लिए प्रतिवर्ष 1 मई को 'अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस' अथवा मजदूर दिवस मनाया जाता है, जिसे 'मई दिवस' भी कहा जाता है। भारत में श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत किसान मजदूर पार्टी के कामरेड नेता सिंगारावेलू चेट्यार के सुझाव पर 1 मई 1923 को हुई थी। उनका कथन था कि चूंकि दुनियाभर के मजदूर इस दिन को मनाते हैं, इसलिए भारत में भी इसे मनाया जाना चाहिए। इस प्रकार भारत में 1 मई 1923 से मई दिवस को राष्ट्रीय अवकाश के रूप मान्यता दी गई। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत अमेरिका में 8 घंटे से ज्यादा काम न कराने के लिए की गई कुछ मजदूर यूनियनों की हड़ताल के बाद 1 मई 1886 से हुई थी। दरअसल वह ऐसा समय था, जब कार्यस्थल पर मजदूरों को चोट लगना या काम करते समय उनकी मृत्यु हो जाना आम बात थी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने, कार्य करने के घंटे कम करने तथा सप्ताह में एक दिन के अवकाश के लिए मजदूर संगठनों द्वारा पुरजोर आवाज उठाई गई। 1 मई 1886 का ही वह दिन था, जब वह हड़ताल हुई थी और शिकागो शहर के हेय मार्केट चौराहे पर उनकी रोज सभाएं होती थी। 4 मई 1886 को जब शिकागो के हेय मार्केट में उस हड़ताल के दौरान पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान अज्ञात शख्स ने एकाएक भीड़ पर बम फेंक दिया। उसके बाद पुलिसिया गोलीबारी के कारण कई श्रमिक मारे गए। हालांकि उस समय अमेरिकी प्रशासन पर उन घटनाओं का कोई असर नहीं पड़ा, लेकिन बाद में श्रमिकों के लिए 8 घंटे कार्य करने का समय निश्चित कर दिया गया। मजदूरों पर गोलीबारी और मौत के दर्दनाक घटनाक्रम को स्मरण करते हुए ही 1 मई 1886 से अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाने लगा। 1889 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में फ्रांसीसी क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसे अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाए। उसी समय से विश्वभर के 80 देशों में मई दिवस को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता प्रदान की गई। कर्म को ही पूजा समझने वाला यह वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मई दिवस के अवसर पर देशभर में भले ही मजदूरों के हितों की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनती हैं, ढेरों लुभावने वादे किए जाते हैं, जिन्हें सुनकर एकबारगी तो लगता है कि उनके लिए अब कोई समस्या नहीं बचेगी, किन्तु अगले ही दिन मजदूरों को पुनः उसी माहौल से रूबरू होना पड़ता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके लिए मनाया जाता है श्रमिक दिवस? बहुत से मजदूरों की तो इस दिन भी काम करने के पीछे यही मजबूरी होती है कि यदि वे एक दिन भी काम नहीं करेंगे तो उनके घरों में चूल्हा कैसे जलेगा? देश की स्वाधीनता के साढ़े सात दशक से भी ज्यादा बीत जाने के बाद भी अनेक श्रम कानूनों को अस्तित्व में लाने के बावजूद हम ऐसी कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं कर पाए हैं, जो मजदूरों को उनके श्रम का उचित मूल्य दिला सके। भले ही इस संबंध में कई कानून बने हैं, किन्तु श्रमिक वर्ग की समस्याएं इसके बावजूद कम नहीं हैं। हालांकि सच यह भी है कि अधिकांश श्रमिक या तो अपने अधिकारों के प्रति अनभिज्ञ होते हैं या वे अपने अधिकारों के लिए इस कारण आवाज नहीं उठा पाते कि कहीं नाराज होकर उनका मालिक उन्हें काम से न निकाल दे और उनके परिवार के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ जाए। जहां तक मजदूरों द्वारा अपने अधिकारों की मांग का सवाल है तो मजदूरों के संगठित क्षेत्र द्वारा ऐसी मांगों पर उन्हें अक्सर कारखानों के मालिकों की मनमानी और तालाबंदी का शिकार होना पड़ता है और प्रायः जिम्मेदार अधिकारी भी कारखानों के मालिकों के मनमाने रवैये पर लगाम लगाने की चेष्टा नहीं करते। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए मार्टिन लूथर किंग जूनियर के शब्दों में कहें तो इंसानियत को ऊपर उठाने वाले सभी श्रमिकों की अपनी प्रतिष्ठा और महत्व है, अतः श्रम साध्य उत्कृष्टता से किया जाना चाहिए।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



मुद्दे

रवि शंकर

# स्वास्थ्य चुनावी मुद्दा क्यों नहीं

चुनाव की सरगर्मी, लोकलुभावन घोषणाओं और वादों के बीच स्वास्थ्य संबंधी चर्चा मौन है। देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए केंद्र सरकार के जरिये लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च की जाने वाली राशि का बजट में प्रावधान लगातार बढ़ाया जा रहा है, लेकिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितनी उपलब्धता होनी चाहिए, उतनी व्यवस्था अभी भी नहीं हो पाई है। बीते कुछ सालों में भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति की है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य इलाज मुफ्त में उपलब्ध है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को भी सरकार से जोड़ने का काम हुआ है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन चुनाव की सरगर्मी, लोकलुभावन घोषणाओं और वादों के बीच स्वास्थ्य संबंधी विकरालता की चर्चा मौन है। देश की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति क्या है इससे हम सब बखूबी वाकिफ हैं। देश को आजाद हुए लगभग 77 साल हो गए, लेकिन आज भी मेडिकल के क्षेत्र में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। यही वजह है कि देश की आबादी का बड़ा हिस्सा आज भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। देश में अस्पतालों और डॉक्टरों की उपलब्धता जनसंख्या के घनत्व के हिसाब से बहुत कम है और सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं, आधारभूत संरचना, चिकित्सकों, कमरों, दवाइयों, कुशल व प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और दूसरे सुविधाओं की कमी है। इन्हीं अभावों के चलते अपने देश में निजी स्वास्थ्य क्षेत्र को विस्तार करने का मौका मिल गया जिसका गरीब लोगों से कोई वास्ता नहीं।

चुनावी मौसम में राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को हर तरीके से रिझाने में लगी हुई हैं। देश की राजनीति धर्म, जाति, ग़रीबी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों के इर्द-गिर्द घूम रही है, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं का कहीं जिक्र नहीं हो रहा है। हर साल करोड़ों भारतीय इलाज संबंधित आपात स्थितियों के कारण वित्तीय रूप से बर्बादी के कगार पर पहुंच जाते हैं, लेकिन चुनाव में स्वास्थ्य संबंधी प्रमुख मुद्दा गौण रहता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अस्पतालों के भारी भरकम बिल भरने की वजह से भारत में हर साल करीब छह करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। ऐसे लोग इलाज के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका प्रमुख कारण भारत के लोगों की सस्ती, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नहीं होना है। कहते हैं कि असली भारत गांव में बसता है, मगर गांव के लोगों की सेहत का ख्याल रखने वाले चिकित्सा केंद्र 21 सदी के भारत में भी बदतर ही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल एक्सपर्ट की काफी कमी देखी जाती है। ऐसे शहर और गांव के बीच एक ऐसी खाई बन गई, जिसका परिणाम भविष्य में काफी भयावह हो सकते हैं। भले देश में तरक्की की कितनी भी दावे किए जाएं पर गांव में करीब 60 से 70 फ़ीसदी चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी होना अपने आप में कई सवाल पैदा करता है। ऐसे में स्वस्थ भारत खुशहाल भारत कैसे बनेगा। ये एक बड़ा सवाल है। भले सरकार हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपये का बजट पेश करती है, मगर आज भी देश की स्वास्थ्य सेवाएं सवालों के घेरे में हैं। देश में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। गौर करने वाली बात यह है कि स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में उदारीकरण के बावजूद, देश की कुल आबादी के पांचवें हिस्से से भी कम जनसंख्या स्वास्थ्य बीमा के दायरे में है। ऐसे में विश्व बैंक की उस रिपोर्ट पर विचार करने की जरूरत है, जिसमें कहा गया है कि 90 फीसदी बीमारियों की पहचान की जा सकती है और इसे ठीक भी किया जा सकता है। अफसोस है कि किसी ने इस सुझाव पर गंभीरता से विचार नहीं किया। शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं,



जिससे मानव संसाधन को बेहतर बनाया जा सकता है। अमर्त्य सेन का कहना है कि उदारीकरण के लिए चाहे जितने भी सेक्टर खोल दें, शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिसे हर हाल में सरकारी क्षेत्र में ही होने चाहिए, लेकिन ऐसी सलाह पर कौन ध्यान देता है। कनाडा, डेनमार्क, स्वीडन, नॉर्वे, जर्मनी, यूके, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में दुनिया की सबसे अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं, पर भारत जैसी बड़ी आबादी वाले देश में बिना ज्यादा पैसे खर्च किए आपको अच्छी स्वाथ्य सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। जाहिर है, आबादी लगातार बढ़ने के बावजूद आधारभूत ढांचे में सुधार पर अब तक जितना ध्यान देना चाहिए उतना नहीं दिया गया। ये विडंबना तब है जब देश में इन समस्याओं से निपटने के लिए सभी जरूरी कार्यक्रम और नीतियां मौजूद हैं, लेकिन इन्हें सही तरह से लागू नहीं किया जा रहा है। हालांकि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की घोषणा और क्रियान्वयन से आस जगी थी कि अस्वस्थ भारत की तस्वीर बदल जाएगी परंतु ऐसा नहीं हुआ।


भारत की करीब तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है, पर जानकर यह आश्चर्य होता है कि भारत अपनी कुल जीडीपी का करीब दो फीसदी हिस्सा भी स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च नहीं करता है,जो 141 करोड़ आबादी वाले देश के लिए ऊंट के मुंह में जीरे के सामान है। साफ है, दूसरे विकसशील देशों की बराबरी के लिए हमें काफी कुछ करना होगा। स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च का वैश्विक स्तर 6 फीसदी माना गया है, लेकिन नई स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुसार भारत 2025 तक स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च जीडीपी का 2.5 फीसदी करने का लक्ष्य रखा है। 6 फीसदी का आंकड़ा भारत कब हासिल करेगा इसके लिए कोई प्रस्तावित वर्ष नहीं बताया गया है। जाने-माने अर्थशास्त्री प्रोफेसर अमर्त्य सेन भी लगातार जोर देते रहे हैं कि भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किसी एकीकृत एक्शन प्लान की सख्त जरूरत है। उनका मानना है कि आर्थिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक प्रगति भी उतनी ही जरूरी है। यदि हम चीन और भारत के आर्थिक विकास की तुलना करें, तो चीन के आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण उसका स्वास्थ्य एवं शिक्षा में निवेश करना रहा है। भारत को भी अपने नागरिकों को विश्व की स्पर्धा में आगे लाने के लिए उन्हें ये उपहार देना होगा। हमारा देश दिल, किडनी और श्वास रोगों का घर बनता जा रहा है। डायबिटीज के लिए तो उसे विश्व की राजधानी ही कहा जाने लगा है। नेशनल हेल्थ सर्वे में ये बात सामने आई है कि 15 से 49 वर्ष आयु के पुरुषों में दिल की बीमारी मौत का प्रमुख कारण बन रही है। खैर, 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने जब कार्यकाल संभाला तब उनको स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत के निरंतर खराब प्रदर्शन से दो-चार होना पड़ा। उनको ये पहले ही पता था कि भारत की तरक्की तभी सुनिश्चित की जा सकती है जब स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया जाए। इसके साथ ही उनको ये भी पता था कि यह कार्य एक-दो साल में संभव नहीं है। इसके लिए एक बड़ी नींव रखने की जरूरत है, क्योंकि चीन को भी अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने में एक दशक से ज्यादा का समय लग गया था। यह ठीक है कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए केंद्र सरकार के जरिये लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च की जाने वाली राशि का बजट में प्रावधान लगातार बढ़ाया जा रहा है, लेकिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितनी उपलब्धता होनी चाहिए, उतनी व्यवस्था अभी भी नहीं हो पाई है। बीते कुछ सालों में भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति की है।

आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य इलाज मुफ्त में उपलब्ध है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को भी सरकार से जोड़ने का काम हुआ है। सरकार को एक ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं तक सबकी आसान पहुंच हो और कम खर्च में इलाज हो सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मानव पर ईश्वर का उपकार



संकलित

दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामथ्र्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ ढोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया।

## प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो



संकलित

प्रेरणा

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जायेगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूँ ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाऐ। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुँच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनियाँ के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियाँ करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनियाँ की चीजों की कामना करते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हानिकारक हैं शिक्षा क्षेत्र के भर्ती घोटाले

हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो चुकी हैं। भ्रष्टाचार इस कद्र फैला है जो कानून के जरिए अब समाप्त होना भी मुश्किल ही लगता है। भ्रष्टाचार भावी पीढ़ी के कैरियर को भी ग्रहण लगा रहा है और मेहनतकश युवाओं के कैरियर के सपनों को भी चकनाचूर कर रहा है। हाल ही में कोलकाता में शिक्षा के क्षेत्र में घोटाले की खबर सुर्खियों में है। हालांकि इस भर्ती की नियुक्तियों को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने बहुत ही अच्छा किया कि इसने शिक्षकों और शिक्षा से जुड़े कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया, लेकिन कोर्ट को इस पर भी विचार करना चाहिए कि आटे के साथ घुन तो नहीं पिस गया, अर्थात जो लोग मेहनत से भर्ती हुए होंगे, उन्हें इंसाफ कैसे मिलेगा? शिक्षा के क्षेत्र में भर्ती घोटाले देश के लिए हानिकारक हैं।

*- मानक बैनर्जी, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# पश्चिमी मीडिया भारत की प्रगति नहीं देख पा रही

अमेरिका के सैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी शिक्षविद डॉ.अनुराग मैराल ने गत 10 साल को भारत की उल्लेखनीय प्रगति वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम मीडिया भारत की प्रगति को समझ नहीं पा रही है और उससे दूर बैठकर अलग कहानी लिख रही है जिसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है। स्टैंडफोर्ड विश्वविद्यालय के स्टैंडफोर्ड बेयर्स सेंटर फॉर डिजाइन में वैश्विक संपर्क कार्यक्रम के निदेशक और औषधि विभाग के प्रोफेसर डॉ.मैराल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, 'अगर आप वास्तविक स्थिति जानना चाहते हैं तो जमीन पर जाकर काम करें।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत जैसे जटिल देश के लिए दूर से रिपोर्टिंग करना ऐसी कहानियां लिखने का एक नुस्खा है जो आपको विश्वसनीयता प्रदान नहीं करती हैं।' मैराल भारतीय चुनावों, लोकतंत्र की स्थिति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर पश्चिमी मीडिया में विशेष रूप से अमेरिका में हाल में प्रकाशित नकारात्मक लेखों की श्रृंखला को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अधिकांश प्रमुख वैश्विक मीडिया की जो रिपोर्ट सामने आ रही हैं, वे उन्हें कुछ मायनों में कम विश्वसनीय और हास्यास्पद बनाती हैं।



## ऑफ बीट

# हमेशा बने रहने वाले रसायन के बढ़े खतरे

एक ऐतिहासिक कानूनी समझौते ने एक बार फिर हमारा ध्यान 'हमेशा बने रहने वाले रसायनों' के खतरों पर केंद्रित कर दिया है। रसायनों का यह वर्ग, जिसे तकनीकी रूप से पर-एंड पॉलीफ्लोरोएल्किल पदार्थ या पीएफएएस के रूप में जाना जाता है, का व्यापक रूप से नॉनस्टिक या जलरोधक उत्पाद बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। समस्या यह है कि यह रसायन पर्यावरण में आसानी से घूमते हैं, भूजल और नदियों को प्रदूषित करते हैं, अक्सर कैंसरकारी होते हैं – और वे नष्ट नहीं होते हैं। इस महीने, इन रसायनों के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक, 3एम ने पीएफएएस-दूषित जलमार्गों को साफ करने के लिए 16 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर देने की पेशकश की थी, जिसे अमेरिकी अदालत ने मंजूरी दे दी थी। यह पूरे अमेरिका भर में पीएफएएस मुकदमों की श्रृंखला में नवीनतम है। हालाँकि बढ़ा हुआ ध्यान स्वागतयोग्य है, लेकिन सफलता की कोई गारंटी नहीं है। अकेले अमेरिकी राज्य, मिनेसोटा में अपशिष्ट जल धाराओं से पीएफएएस को हटाने और नष्ट करने पर 20 वर्षों में कम से कम 21 अरब डॉलर की लागत आएगी। विश्व स्तर पर, रासायनिक सुरक्षा गैर-लाभकारी संस्था केमसेक की एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया कि अकेले पीएफएएस उपचार की लागत लगभग 26 खरब डॉलर प्रति वर्ष है।



## ट्रेंड

### स्वास्थ्य निवेश है लागत नहीं

स्वास्थ्य एक निवेश है, लागत नहीं। यही कारण है कि स्वास्थ्य और वित्त मंत्रियों को अधिक निकटता से मिलकर काम करना चाहिए, और देश के विकास और समृद्धि के लिए स्वास्थ्य को नींव के रूप में उपयोग करना चाहिए।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक



### ट्रंप ने सीखा

डोनाल्ड ट्रंप ने सीखा कि अमीर बनने का सबसे अच्छा तरीका विरासत में प्राप्त करना है। जब मैं अर्थव्यवस्था को देखता हूं, तो मैं इसे मार-ए-लागो की नजर से नहीं देखता। मैं इसे स्क्रैंटन की आंखों से देखता हूं।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति



### जीवन मन के लिए नहीं

आपके भीतर का जीवन आपके शरीर, मन या भावना की सेवा के लिए नहीं है। शरीर, मन और भावनाएं जीवन की सेवा के लिए हैं। हर चीज़ को वैसे ही देखना जैसे वह है, आपको जीवन में सहजता से चलने की शक्ति और क्षमता प्रदान करता है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु



### आपका दिमाग एक चुंबक

आपका दिमाग एक चुंबक है। अपने आशीर्वाद पर ध्यान केंद्रित करें और वे आएंगे, अपनी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करें और वे दस्तक देंगे। हमेशा अच्छे विचार और सकारात्मकता विकसित करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### डीआरजी और एसटीएफ़ की संयुक्त कार्रवाई

# मुठभेड़ में 3 महिलाओं समेत 10 नक्सली ढेर, कई हथियार जब्त

एजेंसी ▶▶ नारायणपुर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया है। राज्य के गृह विभाग का कामकाज संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि सोमवार रात को नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती अबूझमाड़ क्षेत्र में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ़) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। टेकमेटा और काकूर गांवों के मध्य जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत नौ नक्सलियों को मार गिराया है।



**सभी जवान सुरक्षित**

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अभियान के दौरान सोमवार सुबह लगभग छह बजे जब सुरक्षाबल के जवान टेकमेटा और काकूर गांवों के मध्य जंगल में थे तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसपर सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। सभी जवान सुरक्षित रहे।

**आत्मसमर्पण करें**

तलाशी अभियान के दौरान नक्सली डेरे से एक एके 47 राइफल समेत कई हथियार, गोला बारूद और दैनिक उपयोग का सामान जब्त किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने नक्सलियों से कहा है कि वे समर्पण कर मुख्यधारा में लौटें, सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है।

### असम राइफल्स को मिली कामयाबी

# भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री बरामद, एक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम राइफल्स ने सोमवार (29 अप्रैल) को नागालैंड के मोन जिले में पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए भारत-म्यांमार सीमा के समीप भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री जब्त की।

इस तलाशी अभियान के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया और 11 मोर्टार ट्यूब (81 मिमी), 04 ट्यूब (106 मिमी) 10 पिस्तौल, 198 हैंड हेल्ड रेडियो सेट, एक सैटेलाइट फोन, एक केनबो बाइक, एक बोलेरो वाहन तथा अन्य युद्ध सामग्री सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। असम राइफल्स के चौकस जवानों ने राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर सुरक्षा स्थिति उत्पन्न करने के गैरकानूनी तत्वों के मंसूबों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया है।



**शत्रुओं के नापाक मंसूबे ध्वस्त**

*रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र के समीप भारी क्षमता वाले इन सैन्य ग्रेड हथियारों की बरामदगी असम राइफल्स द्वारा चलाए जा रहे सीमा सीलिंग ऑपरेशन के लिए बड़ी सफलता है। यह बरामदगी क्षेत्र में शांति भंग करने की कोशिशों में जुटे शत्रु तत्वों के नापाक मंसूबों के लिए भी बड़ा आघात है। बता दें कि पकड़ा गया व्यक्ति और बरामद सामान नागालैंड पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सैन्य ग्रेड के हथियारों और लगभग 200 हैंड हेल्ड रेडियो सेटों की बरामदगी से गलत लक्ष्यों और क्षति का संकेत मिलता है।*

पाक के पंजाब प्रांत में गेहूं खरीद संकट

## प्रदर्शनकारी किसानों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, 200 से अधिक लोग गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान में पंजाब पुलिस ने गेहूं खरीद संकट के बीच सोमवार को प्रदर्शनकारी किसानों पर लाठीचार्ज किया और लाहौर में 200 से अधिक किसानों को गिरफ्तार कर लिया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गेहूं की बंपर पैदावार के बाद, किसान शिकायत कर रहे हैं कि सूबे की मरियम नवाज़ सरकार गेहूं नहीं खरीद रही है और आटा मिलें उनकी फसलों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से कम दरों की पेशकश कर रही हैं। 'किसान इतेहाद' के प्रवक्ता मियां उमेर ने बताया कि विधानसभा प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया।

## दिल्ली एम्स के छात्रावास में युवती ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के छात्रावास में 21 वर्षीय एक युवती ने मंगलवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। घटना स्थल से एक सुसाइट नोट भी बरामद किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार छात्रावास के एक कर्मचारी ने पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे युवती का शव फंखे से लटका देखा और संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दी।

## पोर्न स्टार से जुड़े मामले में ट्रंप अवमानना के दोषी

**न्यूयॉर्क (एपी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पोर्न स्टार से रिश्तों से जुड़े एक मामले में मंगलवार को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया गया और प्रतिबंध आदेश का बार-बार उल्लंघन करने के लिए 9,000 डॉलर का जुर्माना लगाया गया। अदालत ने ट्रंप को पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल से अपने रिश्तों को लेकर गुप्त रूप से धन देने के मामले से जुड़े गवाहों, जूरी सदस्यों और कुछ अन्य लोगों के बारे में सार्वजनिक बयान देने से रोक दिया था। न्यायाधीश ने ट्रंप को चेतावनी दी कि यदि वह दोबारा ऐसा करते हैं, तो उन्हें जेल की सजा हो सकती है। अभियोजकों ने मामले में ट्रंप पर 10 उल्लंघनों का आरोप लगाया था, लेकिन न्यूयॉर्क के न्यायाधीश जुआन एम मर्चन ने नौ उल्लंघन के मामले में उन्हें दोषी ठहराया। यह फैसला पूर्व राष्ट्रपति के लिए झटका है, जिन्होंने जोर दिया था कि वह अपने स्वतंत्र भाषण अधिकारों का प्रयोग कर रहे थे। न्यायाधीश मर्चन ने आदेश में लिखा कि ट्रंप को "चेतावनी दी गई है ।

## इस गंभीर मामले में अवांछित और निराधार आरोप लगाए गए



**नई दिल्ली।** अमेरिका अखबार की एक खबर में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की साजिश में एक भारतीय अधिकारी का नाम लिए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को भारत ने कहा कि खबर में एक गंभीर मामले में 'अवांछित और निराधार' आरोप लगाए गए हैं। अखबार ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से पन्नू की कथित हत्या की साजिश के संबंध में एक रॉ अधिकारी का नाम लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि रिपोर्ट में एक गंभीर मामले में अवांछित और निराधार आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने संगठित अपराधियों, आतंकवादियों तथा अन्य के नेटवर्क पर अमेरिकी सरकार द्वारा साझा की गईं सुरक्षा चिंताओं की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की है जिसकी जांच जारी है।

## कनाडा में विदेशी छात्रों को सितंबर से प्रति सप्ताह केवल 24 घंटे काम करने की अनुमति होगी

**ओटावा (भाषा)।** कनाडा में भारतीय समेत अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी सितंबर से प्रति सप्ताह 24 घंटे ही परिसर से बाहर काम कर सकेंगे। मंगलवार से इस संबंध में नया नियम प्रभाव में आएगा। आव्रजन, शरणार्थी और नागरिकता मंत्री मार्क मिलर ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, "छात्रों को प्रति सप्ताह परिसर से बाहर 20 घंटे से अधिक काम करने की अनुमति देने वाली अस्थायी नीति 30 अप्रैल, 2024 को समाप्त हो जाएगी।' उन्होंने कहा, "हम छात्रों द्वारा प्रति सप्ताह परिसर से बाहर काम करने के घंटों की संख्या को बदलकर 24 घंटे करना चाहते हैं।' प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी नीत सरकार ने देश में कामगारों की कमी को पूरा करने के लिए कोविड-19 महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए काम के घंटों की 20 घंटे की सीमा को अस्थायी रूप से माफ कर दिया था।




**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9813974232; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **SHAHBAD:** Basant Honda - 9416155053; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 9215593704; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9878885615; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25